आषाढ़ कृष्ण पक्ष अष्टमी संवत् 2082 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-08, अंक-352 पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल
19 जून 2025 गुरुवार

आज का मौसम
39 अधिकतम
28 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो



Page-7

### ट्रंप ने दी मंजूरी, अमेरिकी हमला अब किसी भी वक्त : खुमेनेई के भतीजे ने भी तख्तापलट की जरूरत बताई

# रण हुआ भीषण : इजरायल का एटमी रिएक्टर पर हमला, ईरान के सरकारी टीवी व कई चैनल हैक

**तेलअवीव/ तेहरान, एजेंसी**

ईरान और इजराइल के बीच सातवें दिन जंग आज नए दौर में है। इजराइली हैकर्स ने ईरान की सरकारी आईआरआईबी टीवी समेत कई न्यूज चैनल हैक कर लिए हैं। इस दौरान लोगों से विद्रोह की अपील की गई। इन हैकर्स ने 2022 के विरोध प्रदर्शन वाले वीडियो चलाए, जिनमें महिलाएं अपने बाल काट रही हैं। दरअसल, 2022 में महसा अमीनी नाम की ईरानी महिला की पुलिस कस्टडी में मौत हो गई थी। इस बीच इजराइल ने ईरान में अराक हेवी वॉटर रिएक्टर पर हमला कर दिया है। कुछ घंटे पहले ही इजराइली सेना ने अराक और खोंडब शहर के लोगों को इलाका खाली करने की चेतावनी दी थी। अराक में हैवी वाटर रिएक्टर है। यह फैसिलिटी ईरान के न्यूक्लियर प्रोग्राम का एक अहम हिस्सा है। इसके साथ ही



अराक में बड़े पैमाने पर हथियारों का उत्पादन होता है। इजराइल ने खोंडब में भी हमले की चेतावनी दे रखी है। खोंडब भी ईरान के परमाणु कार्यक्रम का एक और अहम हिस्सा है।

उधर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान पर हमले की प्लानिंग को मंजूरी दे दी है। अब सिर्फ ट्रम्प के फाइनल आदेश का इंतजार है। द वॉल स्ट्रीट जर्नल की एक रिपोर्ट के मुताबिक हमले का आदेश देने से पहले यह देखना चाहते हैं कि क्या ईरान अपने न्यूक्लियर प्रोग्राम को छोड़ता है या नहीं। उधर ईरान के सर्वोच्य नेता खुमेनेई के भतीजे मोरदखानी ने भी तख्तापलट को जरूरी बता दिया है। करीब तीस साल पहले ईरान छोड़ फ्रांस में बसे भतीजा चाचा के निरंकुश शासन का कटु आलोचक है। उन्होंने कहा है कि ऐसी व्यवस्था में यह अपरिहार्य है जो न तो झुकती है और न ही सुधार स्वीकार करती है।

उधर अमेरिका में ईरान का समर्थन करने वाले प्रदर्शनकारियों की भीड़ ने न्यूयॉर्क शहर की सड़कों पर मार्च किया। वीडियो में देखा गया कि ये लोग टाइम्स स्क्वायर में 'ईरान से दूर रहो' जैसे नारे लगा रहे थे और इजराइल समर्थकों पर नाराजगी जता रहे थे। ये ईरानी समर्थक मैनहट्टन की सड़कों पर आगे बढ़ रहे थे, लेकिन न्यूयॉर्क पुलिस ने उन्हें इजराइली वाणिज्य दूतावास तक पहुंचने से रोक दिया।



### भारतीय छात्रों को सुरक्षित निकाला

ईरान की उर्मिया मेडिकल यूनिवर्सिटी में पढ़ रहे लगभग 110 भारतीय छात्र सुरक्षित भारत पहुंच गए हैं। इनमें से 90 छात्र कश्मीर के हैं। ईरान-इजराइल जंग में फंसे छात्रों को वापस लाने के लिए सरकार ने ऑपरेशन सिंधु शुरू किया है। छात्रों ने बताया, वहां के हालात हर दिन खराब होते जा रहे हैं। छात्र पहले आर्मेनिया पहुंचे थे, इसके बाद कतर के रास्ते भारत लाया गया।

### आज 5 विधानसभा सीटों पर मतदान का दौर

**नई दिल्ली।** देश के चार राज्यों की 5 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव के लिए आज सुबह से वोटिंग शुरू हो गई है। इनमें गुजरात की 2, पंजाब-केरल और पश्चिम बंगाल की एक-एक सीट शामिल हैं। चुनाव आयोग के अनुसार, इन सीटों पर सुबह शाम 6 बजे तक वोटिंग होगी। उपचुनाव का रिजल्ट 23 जून को आएगा। गुजरात और पंजाब में कांग्रेस, भाजपा और आम आदमी पार्टी के बीच त्रिकोणीय मुकाबला है। बंगाल में कांग्रेस-लेफ्ट मिलकर चुनाव लड़ रही हैं। वहीं, केरल में एक दूसरे के खिलाफ मैदान में हैं।

### सेंसेक्स-निफ्टी की आज भी सहमी शुरूआत

**मुंबई।** हफ्ते के चौथे कारोबारी दिन आज शेयर बाजार में सेंसेक्स करीब 100 अंक नीचे 81,350 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। जबकि निफ्टी में भी करीब 30 अंक की गिरावट है, ये 24,800 के स्तर पर है। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 12 में तेजी और 18 में गिरावट है। निफ्टी के 50 में से 35 शेयरों में गिरावट है। उल्लेखनीय है कि कल हफ्ते के तीसरे कारोबारी दिन भी सेंसेक्स 139 अंक गिरकर 81,445 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 41 अंक की गिरावट रही।

### आज फिर दो फ्लाइटों की इमर्जेंसी लैंडिंग

**नई दिल्ली।** आज सुबह दिल्ली से लेह जा रही इंडिगो फ्लाइट तकनीकी खराबी के कारण वापस दिल्ली लौट आई। फ्लाइट में क्रू मेंबर्स सहित 180 लोग सवार थे। इसके अलावा स्पाइसजेट की फ्लाइट भी उड़ान भरने के 10 मिनट बाद वापस लौट गई। ये फ्लाइट हैदराबाद से तिरुपति जा रही थी। फ्लाइट में कुल 80 यात्री सवार थे। इससे पहले बुधवार को एअर इंडिया की 3 फ्लाइट कैंसिल की गईं थीं। इनमें दिल्ली-बाली, टोरंटो-दिल्ली और दुबई-दिल्ली वाली उड़ानें शामिल थीं। कल भी दिल्ली से बाली जा रही फ्लाइट बीच रास्ते से ही दिल्ली लौटी थी।

### संजय कपूर का 7 दिन बाद अंतिम संस्कार

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्ट्रेस करिश्मा कपूर के पूर्व पति और



बिजनेसमैन संजय कपूर का आज अंतिम संस्कार किया जा रहा है। गत 12 जून को लंदन में उनका निधन हो गया था। अब 7 दिन बाद आज, यानी 19 जून को उनका अंतिम संस्कार दिल्ली में किया जा रहा है।

### सीएम सिकल सेल दिवस कार्यक्रम में वचुर्अल शामिल

# 33 जिलों में सिकल सेल शिविर 19 जिले में होगी शराबबंदी

**भोपाल/ बडवानी दोपहर मेट्रो**

राष्ट्रीय सिकल सेल उन्मूलन मिशन के तहत आज विश्व सिकल सेल दिवस पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम पर मानसून की तेज बारिश का असर दिखा। यहां मौसम के खराब होने से सीएम मोहन यादव को अपना दौरा रद्द करना पड़ा। सीएम इस कार्यक्रम में इंदौर से ऑनलाइन जुड़े। जबकि राज्यपाल मंगूभाई पटेल सडक मार्ग से यहां पहुंचे। बड़वानी के ग्राम पंचायत तलून में इस कार्यक्रम के लिये जोरदार तैयारी की गई थी। इसमें पहले राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु भी? शिरकत करने वाली थीं लेकिन उनका दौरा रद्द हो गया। कार्यक्रम को ऑनलाइन संबोधित करते हुए सीएम ने कहा राज्य के 33 सिकल सेल प्रभावित जिलों में परामर्श, स्क्रीनिंग, उपचार और दवा वितरण के लिए विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों में मुफ्त जांच और रोग प्रबंधन सेवाएं उपलब्ध रहेंगी। अब प्रदेश सिकल सेल मुक्त भारत के सपने को साकार करने की दिशा में सबसे आगे है। जल्द खरगोन में मेडिकल कॉलेज खोला जाएगा तथा प्रदेश के 19 जिलों में शराबबंदी की जाएगी।

आज इस समारोह में उन पंचायतों को सम्मानित किया जा रहा है जिन्होंने जेनेटिक काउंसलिंग, गर्भवती महिलाओं की स्क्रीनिंग और गाइडलाइन का समय पर पालन किया है। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल भी मौजूद रहे। इस मौके पर प्रभारी मंत्री गौतम टेटवाल, केंद्रीय मंत्री सावित्री ठाकुर , अजजा आयोग के अध्यक्ष अंतर सिंह आर्य, सांसद गजेंद्र सिंह पटेल और सुमेर सिंह सोलंकी मौजूद रहे। दरअसल, मप्र में सिकल सेल एनीमिया को लेकर की गई अब तक की सबसे बड़ी स्क्रीनिंग में चौंकाने वाले आंकड़े सामने आए हैं। 40 वर्ष से कम उम्र के 1.06 करोड़ लोगों की जांच में 28,922 सिकल सेल रोगी मिले हैं। इससे भी बड़ा खतरा वे 2.02 लाख लोग हैं जो इस बीमारी के वाहक (कैरियर) हैं। यानी अगर दो कैरियर आपस में विवाह करें तो अगली पीढ़ी में बीमारी आ सकती है। इसके चलते 'मेडिकल कुंडली मिलान' की अपील भी हो रही हैं।



### योग दिवस पर 21 को उज्जैन में कार्यक्रम

21 जून को 'खगोल विज्ञान एवं भारतीय ज्ञान परंपरा' विषय पर राष्ट्रीय कार्यशाला वराहमिहिर खगोलीय वेधशाला, डोंगला, उज्जैन में हो रही है। इसमें मुख्यमंत्री मोहन यादव मौजूद रहेंगे। इस कार्यशाला में देश के प्रतिष्ठित वैज्ञानिक और शिक्षाविद शामिल हो रहे हैं। अनेक शैक्षणिक एवं वैज्ञानिक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा तथा योग शिविर, शून्य छाया अवलोकन, साइंस शो, स्टेम वर्कशॉप, व्याख्यान एवं परिचर्चा प्रमुख हैं।

### ब्रिसबेन हवाई अड्डे पर जेट ब्रिज से टकराया विमान

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलियाई एयरलाइन क्वांटास का एक विमान बुधवार रात ब्रिस्बेन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर जेट ब्रिज से टकराने के बाद क्षतिग्रस्त हो गया। स्थानीय मीडिया ब्रिस्बेन टाइ स ने गुरुवार सुबह अपनी रिपोर्ट बताया कि बुधवार को स्थानीय समयानुसार शाम करीब 6:40 बजे न्यूजीलैंड के क्वीन्सटाउन से ब्रिस्बेन में उतरने के बाद लाइट क्यूएफ 186 ने जेट ब्रिज को टक्कर मार दी। अखबार द्वारा गुरुवार को प्रकाशित तस्वीरों से पता चलता है कि इस घटना में बोइंग 737-800 की विंडस्क्रीन टूट गई।

### ईडी ने अभिनेता डिनो के बयान दर्ज किए

**मुंबई ।** अभिनेता डिनो मोरिया आज ईडी (एन्फोर्समेंट



डायरेक्टोरेट) के दफ्तर पहुंचे। उनसे लगातार मीठी नदी घोटाले के मामले पूछताछ जारी है, आज उन्होंने अपना स्टेटमेंट रिकॉर्ड करवाया है। डिनो को समन कर बुधवार को पूछताछ के लिए बुलाया गया था, हालांकि वो कल नहीं पहुंचे थे।

### पूरे मध्यप्रदेश पर बादलों का डेरा

# मानसून जहां पहुंचा सबसे लेट, वहीं बारिश सबसे तेज

**भोपाल दोपहर मेट्रो**

मप्र के सभी 54 जिलों में मानसून तीन दिन में ही पहुंच चुका है। सिर्फ एक जिला भिंड बचा है जहां आज दोपहर तक मानसून की एंट्री हो जाएगी। इसके साथ ही पूरे प्रदेश में आंधी-बारिश का दौर भी शुरू हो जाएगा। ग्वालियर-चंबल संभाग के तीन जिले- श्योपुर, मुरैना-गुना में तो भारी बारिश का अलर्ट है। यहां 24 घंटे में ढाई से सवा 4 इंच तक बारिश हो सकती है। उल्लेखनीय है कि मानसून सबसे आखिर में यहीं पहुंचा है।

आज मौसम विभाग ने भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर, जबलपुर समेत पूरे प्रदेश में आंधी-बारिश होने की संभावना जताई है। दरअसल दो लो प्रेशर एरिया (कम दवाब का क्षेत्र) और तीन साइक्लोनिक सर्कुलेशन सिस्टम एक्टिव है। इस वजह से अगले 4 दिन तक प्रदेश के कई जिलों में तेज बारिश का अलर्ट है। कहीं अति भारी तो कहीं भारी बारिश हो सकती है। यानी, 24 घंटे के दौरान ढाई से

8 इंच तक पानी बरस सकता है। कल भी जिलों में आंधी-बारिश का दौर रहा। मंदसौर, रतलाम, बड़वानी में तेज बारिश हुई। इससे गर्मी से निजात मिल गई। मौसम की इस करवट से प्रदेश में औसत 2 डिग्री तक पारा लुढ़क गया। टीकमगढ़ में सबसे ज्यादा 38.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बाकी शहरों में पारा इससे नीचे रहा।



### मध्यप्रदेश का खरीफ प्लान फाइनल नहीं, सिर्फ बैठकों का दौर !

मानसून आमद दे चुका है लेकिन अभी मप्र का खरीफ प्लान फाइनल नहीं हो सका है तथा कई जिलों में खरीफ बोवनी का समय आ गया है। इस लेटलतीफी के लिए प्रभारी कृषि उत्पादन आयुक्त व कृषि विभाग के अफसर काफी हद तक जिम्मेदार बताए जा रहे हैं। खरीफ प्लान सीधे किसानों से जुड़ा मामला है व इसके अनुसार ही खाद, बीज, कीटनाशक व अन्य संसाधन जुटाए जाते हैं। किसानों की जरूरतें पता चलती है। कृषि मामलों के जानकारों का कहना है कि यह प्लान समय रहते बनना चाहिए, ताकि उस अनुरूप व्यवस्थाएं जुटाई जा सके, लेकिन इसमें हर साल देरी होती है व नुकसान किसानों को होता है। बताया जाता है कि संभागों में प्रभारी कृषि उत्पादन आयुक्त बैठकें ले रहे हैं, जबकि कई हिस्सों में किसान बोवनी कर चुके हैं।

## रिपोर्ट : क्रैश से पहले आपात बिजली प्रणाली सक्रिय थी

**नई दिल्ली।** अहमदाबाद विमान हादसे के बाद एअर इंडिया के ड्रीमलाइनर विमान से जुड़ी अहम जानकारी सामने आई है। एक रिपोर्ट के क्रैश होने से पहले ही विमान की आपात बिजली



प्रणाली सक्रिय हो गई थी। इतिहास के सबसे भयानक हादसों में एक का दंश झेल रही अमेरिकी कंपनी बोइंग ने कहा है कि कंपनी पूरे मामले को समझने के लिए जांच ब्यूरो से संपर्क करेगी। हादसे की जांच कर रहे अधिकारियों का मानना है कि पिछले सप्ताह अहमदाबाद में क्रैश हुए एअर इंडिया बोइंग ड्रीमलाइनर विमान में आपातकालीन बिजली जनरेटर चालू था। वॉल स्ट्रीट जर्नल ने जांच से जुड़े लोगों के हवाले से यह जानकारी दी। बोइंग ने कहा कि वह जानकारी के लिए भारत के विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो से संपर्क करेगा जबकि, इंजन निर्माता जीई एयरोस्पेस और भारत के नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने इस मामले में पूछे गए सवाल का जवाब नहीं दिया। आरएटी के रूप में जाना जाने वाला सिस्टम बिजली और हाइड्रोलिक दबाव उत्पन्न करता है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि पायलट विमान को नियंत्रित कर सकें, भले ही दोनों इंजन फेल हो जाएं। रिपोर्ट में कहा गया है कि प्रारंभिक खोज इस बारे में सवाल उठाती है कि क्या विमान के इंजन टेकऑफ के दौरान ठीक से काम कर रहे थे।

### मेट्रो एंकर शिलांग से इंदौर तक मेघालय पुलिस की कई टीमें सक्रिय

# सोनम गैंग कोर्ट में पेश, पुलिस को ब्लैक बैग की तलाश

**शिलांग/ इंदौर, एजेंसी**

ट्रांसपोर्ट कारोबारी राजा रघुवंशी की हत्या के आरोपियों यानी उनकी पत्नी सोनम समेत पांचों आरोपियों को शिलॉन्ग पुलिस आज कोर्ट में पेश कर रही है। राजा की पत्नी सोनम समेत सभी आरोपी 18 जून तक पुलिस रिमांड में थे। माना जा रहा है कि पुलिस अभी और रिमांड मांग सकती है। इससे पहले शिलॉन्ग पुलिस ने पांचों आरोपियों से वारदात का रीक्रिएशन भी कराया है मगर अभी कई सवालों के जबाव नहीं मिले हैं, इसलिए संभावना है कि पुलिस आरोपियों की और रिमांड मांग सकती है। उधर शिलॉन्ग पुलिस की एक टीम ने इंदौर में जांच अभियान तेज कर रखा है। वह सोनम, राजा और राज के परिजन समेत कई लोगों से पूछताछ कर रही है। शिलॉन्ग पुलिस के 3 अधिकारी 17 जून से इंदौर में हैं। वे यहां इंदौर क्राइम ब्रांच की टीम के साथ मिलकर अलग-अलग जगहों पर जाकर पूछताछ कर रहे हैं। सबसे पहले टीम राजा के घर पहुंची थी। इसके बाद बुधवार को टीम ने सोनम के घर उसकी मां और भाई से पूछताछ की। इसके अलावा अफसरों ने आरोपी राज कुशवाह के घर



जाकर भी पूछताछ की है। शिलॉन्ग पुलिस रात को राजा रघुवंशी के घर पहुंची थी। यहां पर राजा के परिवार के लोगों से पूछताछ की थी। पुलिस की टीम यहां करीब दो घंटे रुकी थी। इसके पहले टीम देवास नाका स्थित उस फ्लैट पर जांच करने पहुंची थी, जहां पर सोनम हत्याकांड के बाद रुकी थी। राजा के भाई विपिन ने बताया- शिलॉन्ग पुलिस घर आई थी। उस दौरान मैं, मेरा भाई सचिन और मां साथ ही बैठे थे।

### ब्लैक बैग में क्या है...?

बताते हैं कि बंद कमरे में सोनम की मां-पिता और भाई गोविंद से पूछताछ गई है। वहां एक सूटकेस की जांच भी की। दरअसल पुलिस उस ब्लैक बैग को तलाश रही है जिसे लेकर सोनम राजा की हत्या के बाद इंदौर लौटी थी। पुलिस को आशंका है कि इस ब्लैक बैग में हत्या से जुड़ा कोई अहम सबूत हो सकता है। शिलांग पुलिस सोनम के व्यक्तित्व को भी समझना के लिए उसकी आदतों, व्यवहार और दिनचर्या को लेकर पूछताछ कर रही है। चौंकाने वाला खुलासा उस मोबाइल नंबर को लेकर भी हुआ है, जिससे सोनम ने हत्या से पहले तक लगातार बातचीत की थी। यह नंबर संजय वर्मा के नाम से सेव था। बाद में पुलिस को पता चला कि इस नंबर का इस्तेमाल खुद राज कुशवाहा कर रहा था। इस पर सोनम ने 25 दिनों में इस नंबर पर 112 बार कॉल किए थे।

पुलिस ने सोनम-राजा की शादी के बारे में पूछताछ की। उन्होंने पूछा कि सोनम शादी के बाद यहां चार दिन रुकी थी, उस समय का व्यवहार कैसा था?

### – गुना में प्रभारी आरटीओ थे रवि बरेलिया अब नरसिंहपुर में

# जिसके कार्यकाल में 13 जान गईं, वह अब परिवहन मंत्री के जिले का आरटीओ !

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

**जिस प्रभारी एआरटीओ रवि बरेलिया कार्यकाल में 27 सितंबर 2023 को गुना जिले में सबसे बड़ी बस दुर्घटना हुई और 13 यात्रियों की जानें गईं थी, उसे परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह ने अपने गृह जिले नरसिंहपुर की कमान सौंपी है। चौकाने वाला यह तबादला तब किया, जब तबादलों की अंतिम डेडलाइन थी। ऐसा इसलिए क्योंकि गुना बस हादसे को अब तक लोग भूले नहीं है। तब एआरटीओ समेत कई अफसरों की खामियां उजागर हुईं थी। बस व डंपर की सीधी डंपर ने सिस्टम को झंकझोर कर रख दिया था। यहां तक कि इस आदेश के बाद न केवल रवि बरेलिया को निलंबित किया था बल्कि उस समय जिले के कलेक्टर व एसपी को भी हटा दिया था।**

हाल में रवि बरेलिया के खिलाफ जांच को अनदेखा कर बहाल किया गया था और ग्वालियर की कमान दे दी थी। इस तबादले पर इसलिए भी सवाल खड़े हो रहे हैं, क्योंकि रवि बरेलिया को ग्वालियर में अभी गिने–चुने दिन ही हुए थे। आमतौर पर 3 साल की अवधि पूरी होने पर संबंधित के खिलाफ गंभीर शिकायत होने के बाद ही तबादले किए जाते हैं। स्वैच्छिक तबादलों में भी इन बातों को देखा जाता है। ये तबादले परिवहन विभाग के सचिव मनीष सिंह द्वारा किए गए।



## विवादों में रही अनपा को शहडोल का जिम्मा

विवादों में रही एआरटीओ अनपा खान को शहडोल की कमान दे दी है, उन्हें प्रभारी आरटीओ बनाया गया है। वह बिना अनुमति विदेश जाने के मामले में निलंबित की गईं थी। तब उन पर अनुशासन तोड़ने के आरोप लगे थे। अनपा खान 2023 में भी आरोपों से घिरी थीं तब उन पर एजेंटों ने काम नहीं करने, परेशान करने के आरोप लगाए थे। तब भोपाल आरटीओ कार्यालय में हंगामा भी हुआ था।

## रिलीव करने पर रोक

प्रदेश के कई जिलों में तबादला किए गए अधिकारी, कर्मचारियों को रिलीव नहीं किया जा रहा है। अलीराजपुर में परिवीक्षा अवधि वाले अधिकारी, कर्मचारियों के जमकर तबादले किए। जब विवाद खड़ा होने लगा है तो जनजातीय कार्य विभाग के सहायक आयुक्त् ने सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया है कि ऐसे शिक्षकों व अधिकारी, कर्मचारियों को रिलीव न किया जाए, जिसकी परिवीक्षा अवधि खत्म नहीं हुई और उसके पहले ही उनका तबादला हो गया है।

### – प्रदेश भर में बिजली कटौती के हालात, लोग परेशान

# अनसुना कर रहे थे अफसर, उर्जा मंत्री भड़के, कहा– जो काम के नहीं, उन्हें हटाओ

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

**प्रदेश भर के कई जिले व कस्बों में बिजली कटौती, ट्रिपिंग ने उपभोक्ताओं को परेशान कर रखा है। उधर कंपनियों के कई बड़े अफसर कॉल रिसीव न कर गुस्सा और बढ़ा रहे हैं। यहां तक कि कुछ तो ऐसे हैं जो कई जनप्रतिनिधियों के ही कॉल रिसीव नहीं करते। उर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने मंगलवार ऐसे अफसरों को मैदान से हटाने और इनका प्रभार जूनियरों को देने के निर्देश दिए हैं।**




### इसलिए भड़के मंत्री–

» इंदौर समेत प्रदेश के कई क्षेत्रों में 12 व 13 जून को घंटों बिजली बंद रही थी। विदिशा, ग्वालियर व दूसरे शहरों में भी इस तरह के हालत बन चुके हैं। यह स्थिति सुधार कार्यों के लिए पर्याप्त मेनपावर व उपकरणों की कमी के कारण पैदा हो रहे हैं।

» तीनों वितरण कंपनियों के लिए काम करने वाले टोल फ्री नंबर 1912 के नंबर विषम परिस्थितियों में इंगेज बताने लगता है। ऊर्जा मंत्री द्वारा खुलवाया शिकायत निवारण केंद्र के घंटों बंद रहता है। यह रात के समय ही होता है। जब बात होती है तब प्रतिनिधियों द्वारा अनसुना किए जाने के मामले सामने आ रहे हैं।

» ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की बजाए कंपनियों के अफर बचाव में रिकार्ड तैयार करते हैं।

### मंत्री ने कहा, कमियां दूर करें–

» ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने इस मामले में पश्चिम क्षेत्र बिजली वितरण कंपनी इंदौर के एमडी को दो टूक निर्देश दिए कि जरूरत के अनुसार मेनपॉवर और उपकरणों की कमी दूर करें।

» यह भी देखें कि मेंटेनेंस के बाद भी ट्रिपिंग क्यों हो रही है? रहवासी संघों और जन–प्रतिनिधियों के साथ लगातार सम्पर्क में रहें। ऊर्जा मंत्री ने कंपनियों की लचर व्यवस्था पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि मानसून तो अभी शुरू हो रहा है, इसके पहले ही बिजली ट्रिपिंग की इतनी घटनाएं होना बहुत गंभीर है।

» जहाँ जरूरी हो एफओसी की संख्या बढ़ाएं। विद्युत अवरोध के सही कारणों से लोगों को अवगत कराएं।

### वेतन वृद्धि रोकी–

उपभोक्ताओं की एक जैसी शिकायतों पर बिजली कंपनियों का अलग–अलग रख उजागर हुआ है। जबलपुर की पूर्व क्षेत्र बिजली वितरण कंपनी ने उपभोक्ताओं के कॉल रिसीव नहीं करने वाले 15 अफसरों की वेतन वृद्धि रोकने का निर्णय लिया है। वीसी में यह जानकारी कंपनी के एमडी ने ऊर्जा मंत्री को दी। वहीं 12 से लेकर 13 जून की सुबह तक इसी तरह की गलतियां करने वाले इंदौर के अफसरों को लेकर पश्चिम क्षेत्र बिजली वितरण कंपनी के एमडी ने एक सप्ताह बाद भी कार्रवाई नहीं की।

### तीनों कंपनियों को 15-15 करोड़ दिए

ऊर्जा अपर मुख्य सचिव नीरज मण्डलोई ने मंत्री को वीसी में बताया कि तीनों कम्पनियों को 15–15 करोड़ रुपए दिए। राशि से बेहतर ढंग से मेंटेनेंस करने, ट्रिपिंग कम करने, शिकायतों के निराकरण को बेहतर करने जैसे निर्देश दिए। वीसी में पॉवर मैनेजमेंट कंपनी के एमडी अविनाश लवानिया भी थे।

### शिकायतों को हल करने में समय क्यों लगा, लिखित में बताएं

» क्षेत्र का सतत भ्रमण करें। टूर प्रोग्राम की जानकारी एडवांस में भेजें। निरीक्षण के दौरान सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों, ट्रिपिंग और मेंटेनेंस की स्थिति प्रमुखता से देखें।

» जिन शिकायतों का निराकरण 3 से 4 घंटे में हुआ है, उनकी कारण सहित जानकारी दें। इस पर भी विचार करें कि क्या मेंटेनेंस का समय 4 घंटे से कम किया जा सकता है।

» बिजली कर्मचारियों के साथ दुर्व्यवहार और मारपीट की घटनाओं पर कार्रवाई करें।

» यदि कोई बड़ी घटना नहीं हुई है, तो निराकरण में न्यूनतम समय लगना चाहिए। अगर बड़ी घटना हुई है, तो उसका फोटो, वीडियो और की जा रही कार्यवाही को सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म पर अपलोड करें।



### देशभर में मजाक बनने के बाद जागा लोक निर्माण विभाग, मामला ऐशबाग ओवर ब्रिज का

# इंजीनियरिंग का अजूबा.. रीडिजाइन होने में लगेगा समय, तब तक लोग झेलेंगे फजीहत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

**राजधानी के ऐशबाग इलाके में इंजीनियरिंग के मजाक के रूप में देशभर में चर्चित हो गये ओवरब्रिज को 90 डिग्री एंगल वाला टर्निंग का हिस्सा अब फिर से बनेगा। पीडब्ल्यूडी अफसरों का कहना है कि रेलवे के साथ मिलकर ब्रिज को रीडिजाइन किया जाएगा। अपने जानलेवा से लग रहे टर्निंग को लेकर यह ब्रिज पूरे देश में सुर्खियों में बना हुआ है। इसकी डिजाइन सोशल मीडिया पर भी जमकर ट्रोल हो रही है और इसके मीम्स भी बन रहे हैं। हालांकि यह ब्रिज पूरा टूटेगा नहीं, सिर्फ इसकी टर्निंग सही होगी, ताकि गुजरने वाली गाड़ियों को गिरने का खतरा न रहे। हालांकि इस नई कवायद से यह पुल फिर आमलोगों की सुविधा के लिये और देरी से खुल सकेगा। इसके अलावा ब्रिज की डिजाइन तैयार करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी।**

इस मामले में विभाग की देशभर में हो रही फजीहत के बाद लोनिवि मंत्री राकेश सिंह ने नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) से इसकी जांच करवाई थी। एनएचएआई ने ब्रिज को लेकर अपनी रिपोर्ट तैयार में 35-40 किमी प्रति घंटा से अधिक गति से गाड़ी नहीं चलाने का सुझाव दिया और कहा कि इससे अधिक स्पीड में गाड़ी चली तो हादसा होने का खतरा है। गाड़ी की स्पीड कम करने के उपाय करना होंगे। इस राय के बाद अब मप्र लोनिवि ने इस ब्रिज को रीडिजाइन करने का फैसला लिया है। हालांकि इस मामले में अधिकारी कुछ भी बोलने से बच रहे हैं। उल्लेखनीय होगा कि भोपाल का यह रेलवे ओवरब्रिज सोशल मीडिया पर खूब सुर्ख है। इस ब्रिज पर 90 डिग्री के एंगल से मोड़ दिया गया है। लोग सवाल उठा रहे हैं कि यहां वाहन कैसे टर्न लेंगे। बताया जाता है कि क्रॉसिंग बंद होने से ब्रिज की जरूरत ब्रिज के निर्माण के समय रेलवे ने भी 90 डिग्री की इस टर्निंग पर आपत्ति की थी, लेकिन पीडब्ल्यूडी के इंजीनियरों ने यहां जगह कम होने का हवाला देते हुए कहा था कि और कोई विकल्प नहीं है। ऐशबाग रेलवे क्रॉसिंग बंद होने के बाद इस इलाके के लिए आरओबी एक बड़ी जरूरत है। इसलिए कम जगह में भी इसे बनाना होगा।

### अब और देरी होगी

**इस ब्रिज का निर्माण मई 2022 में शुरू हुआ था और इसे 18 महीने में पूरा करना था, लेकिन अब तक पूरी तरह से नहीं बन सका है। इसकी लागत 18 करोड़ रुपए है। 648 मीटर लंबे और 8 मीटर की चौड़ाई वाले ब्रिज का 70 मीटर हिस्सा रेलवे का है। यह ऐसे इलाके में बनाया गया है जहां इसकी सबसे ज्यादा जरूरत थी लेकिन अब फिर इसमें लंबा समय लगने के आसार हैं।**

### मेट्रो निर्माण. पुल बोगदा मार्ग अब पूरी तरह बंद

**भोपाल।** राजधानी के व्यस्त क्षेत्र पुल बोगदा का रास्ता बुधवार सुबह पूरी तरह से बंद कर दिया गया। मेट्रो कॉर्पोरेशन ने यहां बेरिकेडिंग की है। अब वाहन दूसरे रास्तों से ही गुजरेंगे। हालांकि 20 दिन पहले ही रास्ते को वन–वे कर दिया गया था, लेकिन अब कोई भी वाहन इधर से उधर नहीं आ–जा सकेंगे। सुभाषनगर से करोंद तक मेट्रो की ऑरेंज लाइन का दूसरा फेज का काम चल रहा है। पुल बोगदा के पास ही पिलर्स बनेंगे। इस काम के चलते ही ट्रैफिक को डायवर्ट करना पड़ा है। ऐसे में पुल बोगदा होकर भारत टॉकीज और जिंसी की ओर जाने वाले मार्गों पर वाहनों के प्रवेश पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया गया है।

### : कर्मचारी संगठन अनमने, कोर्ट जाने पर भी विचार

# रास नहीं आ रहा सरकार का प्रमोशन फार्मूला !



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

**9 साल से अटकी पदोन्नति (प्रमोशन) को लेकर मध्यप्रदेश सरकार से अधिकारी-कर्मचारी संगठन नाराज हैं। संगठनों ने संकेत दिए हैं कि वे सरकार के इस फैसले के विरोध में कोर्ट जा सकते हैं। सामान्य, पिछड़ा, अल्पसंख्यक वर्ग अधिकारी-कर्मचारी संस्था (स्पीक) ने सरकार के फैसले को सामान्य वर्ग विरोधी बताया है। उन्होंने पदोन्नति नियमों को नई पैकिंग में पुरानी दवाई कहा है। वहीं, तृतीय वर्ग कर्मचारी संगठन ने फैसले पर असंतोष जताते हुए कहा है कि सरकार ने वही किया जो 2016 से पहले चल रहा था।**

हालांकि, आरक्षित वर्ग के संगठन अजाक्स ने इस फैसले का स्वागत किया है और कहा कि, इस व्यवस्था के चालू होने से सभी वर्गों को पदोन्नति का मौका मिलेगा। इधर मंत्रालय सेवा अधिकारी-कर्मचारी संघ के अध्यक्ष इंजीनियर सुधीर नायक ने कहा कि नए नियमों में कुछ भी नया नहीं है। यह बस पुराने नियमों को नए तरीके से पेश किया गया है। ऐसा प्रतीत होता है कि पुरानी दवाई नई पैकिंग में कर दी गई है। उन्होंने बताया कि विवाद की मुख्य वजह यह थी कि आरक्षित वर्ग के लोग अनारक्षित पदों पर भी पदोन्नत हो रहे थे, जिससे उच्च पदों पर लगभग 100त्र पद आरक्षित वर्ग के पास पहुंच गए थे। उदाहरण के तौर पर मंत्रालय में अपर सचिव के 65 पदों में से 58 पद आरक्षित वर्ग के लोगों के पास हैं। नायक का कहना है कि नए नियमों में पुरानी समस्या को जस का तस रखा गया है, जिससे फिर से कोर्ट केस होने की संभावना है।

### 2016 से पदोन्नति क्यों नहीं ?

नायक ने यह भी सवाल उठाया कि जब न कोर्ट और न ही सामान्य प्रशासन विभाग ने पदोन्नति पर रोक लगाई थी, तो फिर कर्मचारियों को नौ साल तक प्रमोशन से क्यों वंचित रखा गया? उनका कहना है कि करीब डेढ़ लाख कर्मचारी बिना पदोन्नति के रिटायर हो गए और एक लाख कर्मचारी ऐसे हैं जो दो प्रमोशन के हकदार थे। सरकार अगर चाहती तो 2016 से काल्पनिक पदोन्नति देकर नुकसान की भरपाई कर सकती थी।

# संतनगर -गांधीनगर ब्लॉक कांग्रेस की बैठक में जिला अध्यक्ष चयन पर मंथन

**हिरदाराम नगर।** कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे संगठन सृजन अभियान के तहत आज संत हिरदाराम नगर ब्लॉक कांग्रेस और गांधीनगर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। यह बैठक हलालपुर स्थित आरिया गोल्ड होटल में आयोजित की गई थी। बैठक में महाराष्ट्र सरकार की पूर्व मंत्री और विधायक श्रीमती यशोमती ठाकुर (ताई) पर्यवेक्षक के रूप में, भोपाल जिला कांग्रेस कमेटी के प्रभारी महेश परमार और प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पर्यवेक्षक दिलीप गुर्जर विशेष रूप से उपस्थित थे। बैठक की अध्यक्षता संत हिरदाराम नगर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अशोक मारण और गांधीनगर ब्लॉक अध्यक्ष आनंद सबधानी ने की। इस विशेष बैठक में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रवीण सक्सेना, हुजूर विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी रहे नरेश ज्ञानचंदानी, महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष संतोष कसाना, पूर्व जिलाध्यक्ष मोनू सक्सेना, पार्षद अमित शर्मा, उप-ब्लॉक अध्यक्ष घनश्याम लालवानी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता त्रिलोक दीपानी और माधु चांदवानी भी मौजूद थे।




बैठक में महाराष्ट्र सरकार की पूर्व मंत्री और पर्यवेक्षक यशोमती ठाकुर (ताई) ने कहा कि कार्यकर्ता बिना किसी दबाव के अपना जिला अध्यक्ष चुन सकते हैं। अब किसी भी बड़े नेता की पसंद को प्राथमिकता नहीं दी जाएगी, बल्कि इस सर्वेक्षण के माध्यम से कार्यकर्ताओं की राय को प्राथमिकता दी जाएगी। भोपाल जिला कांग्रेस कमेटी के प्रभारी महेश परमार ने कहा कि इस अभियान के जरिए भोपाल को एक ऐसा जिला अध्यक्ष मिलेगा, जो सातों विधानसभाओं के कार्यकर्ताओं की पसंद का होगा।

**मेट्रो एंकर** | मध्यप्रदेश में निवेश, कौशल विकास और स्वरोजगार के नए आयाम स्थापित होंगे


# 27 जून को रतलाम में होगा एमपी राइज-2025

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों को राज्य की आर्थिक प्रगति का प्रमुख आधार मानते हुए 27 जून को अंतर्राष्ट्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम दिवस पर रतलाम के शहीद स्मारक मैदान में 'रीजनल इंडस्ट्री, स्किल एंड एम्प्लॉयमेंट कॉन्क्लेव' - ÷एमपी राइज-2025'' का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम प्रदेश में औद्योगिक निवेश, कौशल विकास और स्वरोजगार को एक साथ संवर्धित करने का समग्र मंच प्रस्तुत करेगा। इस समेकित पहल से मध्यप्रदेश में निवेश, कौशल विकास और स्वरोजगार के नए आयाम स्थापित होंगे और राज्य की आर्थिक प्रगति को स्थाई व समावेशी दिशा मिलेगी। प्रदेश में औद्योगिक बुनियादी ढाँचे के विस्तार के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। तीन नए हवाई अड्डों के निर्माण के साथ मध्यप्रदेश अब आठ परिचालन एयरपोर्ट्स वाला राज्य बन गया है। इंदौर मेट्रो सेवा ने यातायात के स्वरूप को बदल दिया है, वहां भोपाल मेट्रो के शीघ्र प्रारंभ से राजधानी में सार्वजनिक परिवहन और भी सुदृढ़ होगा। फ्लायओवर, औद्योगिक कॉरिडोर तथा राष्ट्रीय एवं राज्य राजमार्गों के विकास से कनेक्टिविटी व्यापक रूप से सुदृढ़ हुई है, जिससे उद्योगों और निवेशकों को बेहतर सुविधा और त्वरित पहुंच सुनिश्चित हो सकी है।

एमपी राइज-2025 कॉन्क्लेव में औद्योगिक इकाइयों का भूमि-पूजन एवं औद्योगिक पार्कों तथा कौशल प्रशिक्षण केंद्रों का लोकार्पण होगा। साथ ही विभागों और उद्योग जगत के प्रतिनिधि एमओयू के माध्यम से निवेश प्रस्तावों को तेजी से कार्यान्वित करने की दिशा में प्रतिबद्धता व्यक्त करेंगे। इस अवसर पर चयनित युवाओं को जॉब-ऑफर लेटर प्रदान किए जाएंगे तथा महिला उद्यमियों और ग्रामीण स्वरोजगार समूहों को प्रारंभिक पूंजी सहायता वितरित की जाएगी, जिससे वे अपनी व्यवसायिक योजना को तुरंत अमल में ला सकें। कॉन्क्लेव में नवीनतम तकनीकी और व्यावसायिक प्रशिक्षण योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी जाएगी और हितग्राहियों के साथ संवाद किया जाएगा। वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट एवं त्र्द्ध टैग वाले स्थानीय उत्पादों की प्रदर्शनी में प्रत्येक जिले के प्रतिष्ठित उत्पाद का प्रदर्शन किया जाएगा, जिससे क्षेत्रीय नवाचार और गुणवत्ता को व्यापक पहचान मिलेगी। वन-टू-वन सत्रों में प्राइवेट सेक्टर, तकनीकी संस्थान एवं वित्तीय समूह मुख्यमंत्री और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ निवेश व सहयोग के नए अवसरों पर विस्तार से चर्चा करेंगे। रतलाम के बाद एमपी राइज-2025 कॉन्क्लेव छिंदवाड़ा, मुरैना और सतना में भी होगा। कॉन्क्लेव से प्रदेश के प्रत्येक जिले को उसकी विशिष्ट औद्योगिक पहचान के अनुरूप विकास के समान अवसर मिलेंगे।




सत्यमेव जयते
मध्यप्रदेश शासन
NATIONAL HEALTH MISSION
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन
राष्ट्रीय सिकल सेल उन्मूलन मिशन-2047
विश्व सिकल सेल दिवस-2025
राज्य स्तरीय कार्यक्रम
नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री
मंगुभाई पटेल, राज्यपाल
डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री
मुख्य अतिथि
मंगुभाई पटेल
राज्यपाल, मध्यप्रदेश
अध्यक्षता
डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश
19 जून, 2025 I अपराह्न 12:30 बजे
तलुन खेल मैदान, बड़वानी
स्वस्थ भविष्य की ओर मध्यप्रदेश
• जनजातीय बहुल जिलों में एक करोड़ से अधिक स्क्रीनिंग पूर्ण की गई, जिसमें 29,227 सिकल सेल रोगी एवं 2,03,758 सिकल वाहक चिन्हित
• परिवारों की काउंसलिंग कर 80 हजार से अधिक काउंसलिंग कार्ड वितरित
• नेशनल सिकल सेल पोर्टल के माध्यम से स्क्रीनिंग, जांच एवं रोगियों की सतत मॉनिटरिंग
• गर्भावस्था में सिकल सेल रोग की जांच एवं प्रबंधन के विशेष प्रयास एवं नवाचार
• रोगियों को नि:शुल्क उपचार, नि:शुल्क औषधियां एवं ब्लड ट्रांसफ्यूजन की सम्पूर्ण व्यवस्था उपलब्ध
• आदिवासी इलाकों में सिकल सेल रोग के प्रति जागरुकता हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार
• मैदानी स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं तथा प्रबंधकीय एवं चिकित्सकीय स्टाफ का निरंतर प्रशिक्षण
• गंभीर इन्फेक्शन से बचने के लिए वैक्सीनेशन की उपलब्धता सुनिश्चित
• सिकल सेल रोगियों के लिए दिव्यांगता प्रमाण पत्र/UDID कार्ड/पेंशन योजनाओं का लाभ
• आदिवासी स्कूलों, कॉलेजों, छात्रावासों में निरंतर स्क्रीनिंग, जांच शिविर एवं एन.जी.ओ., स्वयंसेवी संस्थाओं की सहायता से प्रचार-प्रसार
सीधा प्रसारण
Webcast.gov.in/mp/cmevents
@Cmmadhyapradesh
@jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhyapradesh
@jansamparkMP
JansamparkMP
D-11046/25
मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी
आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2025

## संपादकीय

# विमर्श के बजाए विवादों का सिलसिला

बी आजकल अक्सर विचारों और इसकी अभिव्यक्ति को लेकर नई बहस छिड जाती हैं लेकिन इसके पहले तीखे विवाद और कई तरह के विरोध शुरू हो जाते हैं। ऐसे में कई बार सवाल उठते हैं कि देश में स्वस्थ और बौद्धिक विमर्श की क्या कोई गुंजाइश है या नहीं? अगर यह है तो फिर अभिनेता कमल हासन की फिल्म 'ठग लाइफ' का विरोध क्या सिर्फ इसलिए होना चाहिए कि उन्होंने कोई ऐसा बयान दिया जो लोगों को पसंद नहीं? इसी परिप्रेक्ष्य में सर्वोच्च न्यायालय ने इसे गंभीरता से लेते हुए कहा कि विरोध के बजाय इसे बौद्धिक बहस के तौर पर लिया जाना चाहिए था। सेंसर बोर्ड से प्रमाणित होने के बाद भी इस फिल्म के प्रदर्शन को जिस तरह रोका गया, उससे समझा जा सकता है कि विमर्श की कितनी जगह बची है। दरअसल सहमति और असहमति के बीच संवाद भी एक रास्ता है। शीर्ष अदालत ने कहा कि अभिनेता ने कुछ असुविधाजनक कहा, तो वह अंतिम सत्य तो नहीं था। लोगों को अलग-अलग विचार रखने का अधिकार है। मगर इस वजह से फिल्म का प्रदर्शन रोका नहीं जा सकता। प्रमाणपत्र मिलने के बाद भी राज्य सरकार के मौखिक निर्देश और पुलिस की मदद से जिस तरह फिल्म के प्रदर्शन को रोका गया, उससे कई सवाल उठे हैं। सुप्रीम कोर्ट को कहना पड़ा है कि लोगों को फिल्म देखने से रोकने के लिए उनके सिर पर बंदूक नहीं तान सकते। फिल्मों और विचारों के माध्यम से अभिनेता कमल हासन अपनी बात मुखर होकर रखते रहे हैं। इस बार वे विवादों में तब घिरे जब उन्होंने अपनी फिल्म 'ठग लाइफ' का आडियो जारी करने के समय कन्नड़ भाषा पर टिप्पणी की। इसका राज्य में तीखा विरोध हुआ। कर्नाटक फिल्म चैंबर आफ कामर्स ने यहां तक कह दिया कि जब तक कमल हासन माफी नहीं मांगेगे, तब तक उनकी फिल्म राज्य में प्रदर्शित नहीं होने दी जाएगी। हालांकि, पांच जून को फिल्म देशभर में प्रदर्शित हो गई, लेकिन कर्नाटक में इसे रोक दिया गया। शीर्ष न्यायालय ने राज्य सरकार से इसकी न केवल वजह पूछी, बल्कि यह भी कहा कि फिल्म देखने से रोकने के लिए नैतिकता के कथित पहरेदारों को सड़कों पर कब्जा व हंगामा करने की इजाजत नहीं दी जा सकती। निस्संदेह विरोध के डर से राज्य सरकार अपने संवैधानिक दायित्व से मुकर नहीं सकती। लेकिन सवाल यह है कि ऐसा बार बार हो रहा है और यह किसी एक राज्य के दायरे तक ही सीमित नहीं हैं। महाराष्ट्र से लेकर अन्य सूबों तक इस तरह के विरोध अ ौर विवाद अब तो आम लगते हैं। सिर्फ इतना ही नहीं बल्कि कई मशहूर लोगों द्वारा कहे गये शब्दों को इस तरह विवाद बनाने की कोशिश होती है कि स्वस्थ बहस और विमर्श की गुंजाइश खत्म हो जाती है। ऐसी हालत में बाकी रह जाती है सिर्फ तल्खियां और बेहद तनावपूर्ण स्थितियां। देश में ऐसा हर वक्त नहीं होता था,बल्कि कुछ दशक पहले तक ऐसे मामलों में विमर्श होता था। हर बार को राजनीतिक तकाजों पर नहीं तौला जाता था या किसी बात को तूल देकर सियासी फायदे की ?कोशिशें नहीं हो पाती थीं। अब जरूरत इस बात की है कि नैतिकता के पहरेदारों से लेकर तथाकथित समाज सुधारकों,चिंतकों और संस्कृति के स्वयंभू रखवालों के बीच सरकारें सौहार्द संयम और समझ का संदेश पुख्ता तरीके से पहुंचाएं।

**नियमों का विधान मनुष्य के लिए हुआ है, मनुष्य का निर्माण नियमों के लिए नहीं ।**
**- रामतीर्थ**

# साइप्रस से कूटनीतिक और आर्थिक संबंधों के निहितार्थ

■ पुष्परंजन

अब चूंकि प्रधानमंत्री मोदी को साइप्रस का सर्वोच्च सम्मान मिल चुका है, तो हम उम्मीद करते हैं कि दक्षिणी दिल्ली की उस सड़क के नाम को सुधारा जायेगा। लोधी रोड के पीछे, पेड़ों से घिरा एक छोटा-सा रास्ता, जहां हरे रंग के एक बोर्ड पर हिंदी में लिखा है- 'आर्च बिशप माकोरियस मार्ग'। अंग्रेजी, गुरुमुखी, और उर्दू में भी वही लिखा है। दिल्ली स्थित साइप्रस उच्चायोग वालों का भी ध्यान दशकों से लगे इस बोर्ड पर नहीं गया। वास्तविक नाम है- 'आर्चबिशप मकारियोस तृतीय।' प्रधानमंत्री मोदी से पहले पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी इस सर्वोच्च सम्मान से नवाज़े जा चुके हैं। वर्ष 2017 में उन्हें यह पुरस्कार, साइप्रस की यात्रा के दौरान मिला, जहां उन्होंने साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस अनास्तासियादेस से मुलाकात की। यह पुरस्कार भारत और साइप्रस के बीच द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने में उनके योगदान के लिए दिया गया था।वर्ष 2017 में साइप्रस गणराज्य ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में भारत की स्थायी सदस्यता प्राप्त करने का समर्थन किया। मगर, मकारियोस तृतीय के वास्तविक नाम से आठ साल तक दिल्ली वाले अनजान रहे। प्रधानमंत्री मोदी को मिले पुरस्कार पर भी उनका नाम है, जिसने निकोसिया और नई दिल्ली के बीच एक ऐतिहासिक सूत्र को मजबूत किया था। वर्ष 1983 में गुटनिरपेक्ष शिखर सम्मेलन के लिए दिल्ली में कई महत्वपूर्ण नेता आए थे, तब मुझे भी विदेश मंत्रालय में बहैसियत 'प्रोटोकॉल असिस्टेंट', काम करने का अवसर मिला था। दिल्ली आये जिन नेताओं को तब नज़दीक से देखने का अवसर मिला था, उनमें फिदेल कास्त्रो, यासिर अराफात भी शामिल थे। इसके बाद, कुछ चुनिंदा सड़कों को गुटनिरपेक्ष नेताओं के नाम रखा गया- 'जोसिप ब्रोज टीटो मार्ग, गमाल अब्देल नासर मार्ग, हो ची मिन्ह मार्ग- और 'माकोरियस मार्ग'।

मकारियोस के नाम पर यह सड़क उस कूटनीतिक युग का अवशेष है, जो कभी बहुत चमकता था। बाद के दिनों में मनमोहन सरकार ने आर्चबिशप मकारियोस तृतीय की स्मृति में डाक टिकट जारी किया था। अब अचानक से आर्चबिशप मकारियोस तृतीय भारत में वायरल हो गए, जिन्होंने 1950 से 1977 तक साइप्रस के चर्च के आर्च बिशप के रूप में और 1960 और जुलाई, 1974 के बीच साइप्रस के पहले राष्ट्रपति के रूप में कार्य किया। उसके प्रकारांतर, दिसंबर, 1974 और 1977 के बीच दूसरे कार्यकाल में भी वो शासन प्रमुख बने रहे। उन्हें साइप्रस गणराज्य के संस्थापक पिता, 'एथनार्क' के रूप में माना जाता है, जिन्होंने ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन से इसके हस्तांतरण का नेतृत्व किया था। हालांकि, ब्रिटिश सरकार इस द्वीप को उपनिवेश मुक्त करने के लिए अनिच्छुक थी। ब्रिटिश गए भी, तो साइप्रस को भारत-पाकिस्तान की तरह बांटकर, और विवाद को रोपकर।ईओकेए बी एक ग्रीक साइप्रस अर्धसैनिक संगठन था, जिसे 1971 में जनरल जॉर्जियोस ग्रिवास ने अति राष्ट्रवादी विचारधाराओं के आधार पर बनाया था। इस संगठन का उद्देश्य साइप्रस को ग्रीस के साथ एकीकृत करना था, लेकिन बाद में नागरिकों पर हमलों के परिणामस्वरूप, साइप्रस गणराज्य द्वारा इसे गैरकानूनी घोषित कर, एक आपराधिक संगठन माना गया था।



आर्च बिशप मकारियोस एकमात्र यूरोपीय नेता थे, जिन्होंने अप्रैल 1955 में इंडोनेशिया में आयोजित उपनिवेशवाद विरोधी 'बांडुंग सम्मेलन' में भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के साथ मिलकर काम किया था। यह वह सम्मेलन था, जिसने अंततः गुटनिरपेक्ष आंदोलन की स्थापना की, जो अमेरिका और यूएसएसआर के नेतृत्व वाले शीतयुद्धीय शिविरों का विकल्प था। साइप्रस बेलग्रेड में 1961 के गुटनिरपेक्ष सम्मेलन में पच्चीस प्रतिभागियों में से एक था, जिसने औपचारिक रूप से आंदोलन की स्थापना की। 1957 में, संयुक्त राष्ट्र महासभा में, भारत के विदेश मंत्री कृष्ण मेनन साइप्रस की स्वतंत्रता के पहले अधिवक्ताओं में से एक थे। मेनन ने साइप्रस की बिना शर्त स्वतंत्रता की वकालत की। आज, साइप्रस संयुक्त राष्ट्र और यूरोपीय संघ का सदस्य राज्य है। तुर्की का प्रतिद्वंद्वी, जो सारे घोड़े खोल लेने के बाद भी यूरोपीय संघ का सदस्य देश नहीं बन सका। साइप्रस 1 मई, 2004 को यूरोपीय संघ का सदस्य देश बना, 2026 में उसे ईयू का अध्यक्ष देश बनना है। इससे पहले 2012 में साइप्रस ईयू का अध्यक्ष देश बना था।भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 16 जून, 2025 को ग्रीक-साइप्रस संबंधों को और गहरा करने का संकल्प लिया। उन्हें इस साल के अंत तक यूरोपीय संघ के साथ एक मुक्त व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने की उम्मीद है। ज़ाहिर है, जब साइप्रस यूरोपीय संघ का अध्यक्ष देश बनेगा, भारत से संबंधों की नई इबारत लिखी जाएगी। मोदी ने संयुक्त राष्ट्र द्वारा गश्त की जाने वाली उस ग्रीन लाइन का भी दौरा किया, जो राजधानी निकोसिया को दो भागों में विभाजित करती है। यह एर्दोआन को अखर रही होगी।

सम्भव है, साइप्रस अगला टूरिस्ट डेस्टिनेशन बने। यह विशेष रूप से ध्यान देने योग्य है, कि अंकारा द्वारा इस्लामाबाद का समर्थन करने के बाद, तुर्की में भारतीय पर्यटकों की आमद में कमी आई थी, साथ ही भारतीयों ने तुर्की के उत्पादों और सेवाओं का भी बहिष्कार किया। भारत सरकार ने राष्ट्रीय सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए तुर्की के ग्राउंड सर्विस प्रदाता सेलेबी के लिए सुरक्षा मंजूरी भी रद्द कर दी। भारत और साइप्रस के दोनों शिखर नेताओं ने सीमा पार लेन-देन के लिए साइप्रस में यूपीआई सेवाएं शुरू करने, भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) और साइप्रस के यूरोबैंक के बीच एक समझौता ज्ञापन की सुविधा प्रदान की। भारत, ऊर्जा- तकनीकी सहकार के साथ-साथ मध्य पूर्व-यूरोप व्यापार गलियारे को डेवलप करने के लिए प्रयासरत है, जो चीन का 'बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव' का विकल्प बन सकता है।

फिर भी, निकोसिया और नई दिल्ली के दिल मिलाने के प्रयास काफी करने होंगे। अव्वल, आम भारतीय साइप्रस के मैरोनाइट ईसाई, अर्मेनियाई, और कुछ हज़ार अरबी भाषियों के स्वभाव, खान-पान, संगीत-संस्कृति से अनजान है। यह ग्रीस के दक्षिण-पूर्व में, तुर्की के दक्षिण में, सीरिया और लेबनान के पश्चिम में, इस्राइल- फलस्तीन के उत्तरपश्चिम में, और मिस्र के उत्तर में अवस्थित, साढ़े नौ हज़ार वर्ग किलोमीटर की परिधि वाला देश है। 'तुर्की का कट्टर दुश्मन, भारत का पक्का दोस्तज।' जैसे टेलीविजनी हेडलाइंस सुनने में अच्छे तो लगते हैं, लेकिन लगभग त्रिपुरा के साइज़ के इस छोटे से देश को तुर्किये के मुक़ाबले टूरिस्ट डेस्टिनेशन हम बना दें, खान-पान, संगीत हमें रात भर में रुचिकर लगने लगे, ये सब हवा-हवाई बातें हैं। साइप्रस के कवि और लेखक, प्रोफेसर स्टेफानोस स्टेफनाइड्स को हिंदी साहित्य का विद्यार्थी कितना जानता है? भारतीय प्रकाशन द्वारा उनकी अनुदित कविता अद्भुत है, 'हम सभी का वध करो, और हमारे खून को नदी बना दो...।'

**(साभार : यह लेखक के निजी विचार हैं)**

## आज का इतिहास

- 1269: फ्रांस के राजा लुई ने सभी यहूदियों को एक खास बैज पहनने का आदेश दिया।
- 1716: मुगलों के अजेय होने का भ्रम तोड़ने वाले प्रसिद्ध सिख सैनिक बंदा सिंह बहादुर को बादशाह फरूखसियर के आदेश पर यातनाएं देकर मौत के घाट उतार दिया गया।
- 1843: दास कैपिटल पुस्तक के लेखक और समाजशास्त्री काल मार्क्स ने विवाह किया।
- 1910: वाशिंगटन में पहला फादर्स डे मनाया गया।
- 1948: सोवियत संघ ने प. बर्लिन की ओर जाने वाली सड़कों को बंद किया।
- 1968: मार्टिन लूथर किंग के नेतृत्व में आर्थिक न्याय के लिए 50,000 लोगों ने प्रदर्शन किया।
- 1981: भारत ने अपने भू स्थैतिक उपग्रह एपल का सफल प्रक्षेपण किया।
- 1991: सोवियत संघ ने हंगरी को अपने कब्जे से आजाद किया।
- 1996: बौद्धिक संपदा कानून पर चीन एवं अमेरिका में समझौता।
- 1996: प्रसिद्ध अंपायर डिकी बर्ड एमसीसी की आजीवन सदस्यता से सम्मानित।
- 1999: कोलोन (जर्मनी) में समूह-8 शिखर बैठक प्रारम्भ।
- 2002: पाकिस्तान के विदेश सचिव इनामुल हक को पाकिस्तान का नया विदेश मंत्री बनाया गया।
- 2003: फिनलैंड की प्रथम महिला प्रधानमंत्री एनेली जाटिनमांकी ने अपने पद से इस्तीफा दिया।

## निशाना

### मिट्टी में मिलाना है !



-कृष्णेन्द्र राय

पहुंचा युद्ध चरम ।
सिलसिला है जारी ।।
लगता आगे बड़ा कुछ ।
करने की तैयारी ।।
बड़ा विनाश पल पल अभी ।
अवसर रहा निहार ।।
बम और मिसाइलें ।
बांट रहीं उपहार ।।
डटे दोनो पक्ष ।
जा रही है जान ।।
हटने में अब पीछे ।
घट जाएगी शान ।।
मिट्टी में मिलाना है ।
है लिया अब ठान ।।
तय है अब लगता ।
मिट जानी पहचान ।।

# वैश्विक स्तर पर भारत के विरुद्ध पुनः गढ़े जा रहे झूठे विमर्श

■ प्रहलाद सबनानी

वैश्विक स्तर पर आर्थिक जगत में भारत का उदय कुछ देशों को रास नहीं आ रहा है। विकसित देशों के बीच पूरे विश्व में भारत आज सबसे तेज गति से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्था बना हुआ है। जापान, ब्रिटेन, फ्रांन्स, इटली आदि देशों से आगे निकलते हुए भारत आज विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है और शीघ्र ही लगभग एक वर्ष के बाद जर्मनी को पीछे छोड़ते हुए भारत के विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के आसार भी अब स्पष्टत- दिखाई दे रहे हैं। भारत एक ओर अतिआधुनिक तकनीकि के आर्टिफिशियल इंटेलिजेन्स एवं डाटा सेंटर जैसे क्षेत्रों में पूरे विश्व का नेतृत्व करता हुआ दिखाई दे रहा है तो दूसरी ओर वित्तीय क्षेत्र में ऑनलाइन व्यवहारों के मामले में भी भारत आज कई देशों का मार्गदर्शन करता हुआ दिखाई दे रहा है। कुल मिलाकर भारत आज लगभग प्रत्येक क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनते हुए विश्व के अन्य देशों पर अपनी निर्भरता को कम करता जा रहा है। भारत के विकास की यह गति एवं राह कुछ देशों को बिलकुल उचित नहीं लग रही है एवं वे वैमनस्य का भाव पालते हुए भारत के विरुद्ध एक बार पुनः कुछ झूठे विमर्श गढ़ने का प्रयास कर रहे हैं।हाल ही में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) द्वारा जारी की गई एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत में प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद 2,730 अमेरिकी डॉलर के स्तर पर पहुंच गया है, जबकि बांग्लादेश में प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद 2,870 अमेरिकी डॉलर है। इस प्रकार, भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होने के बावजूद प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद के मामले में बांग्लादेश जैसे छोटे देश से भी पीछे है। अतः यह झूठा विमर्श गढ़ने का प्रयास किया जा रहा है भारत में किस प्रकार का आर्थिक विकास हो रहा है जिससे भारतीय नागरिकों की आय तो उतनी तेजी से नहीं बढ़ पा रही है, जिस तेजी से भारत का आर्थिक विकास होता हुआ दिखाई दे रहा है। आंकड़ों का उचित तरीके से विश्लेषण न करते हुए भारत के संदर्भ में गलत जानकारी देने का कुत्सित प्रयास किया जा रहा है।

यहां यह स्पष्ट करना जरूरी है कि किसी भी मामले में तुलना दो आमों के बीच ही सम्भव है आम एवं संतरे के बीच तुलना कैसे सम्भव है। भारत की जनसंख्या 140 करोड़ है, जबकि बांग्लादेश की जनसंख्या केवल 17 करोड़ से कुछ ही अधिक है। भारत एक विशाल देश है जिसमें 60 प्रतिशत से अधिक जनसंख्या आज भी गावों में निवास करती है। भारत में 28 राज्य एवं 8 केंद्र शासित प्रदेश हैं। बांग्लादेश, भारत के सामने एक पिद्दी सा देश है। यदि तुलना करनी ही हो तो भारत की तुलना चीन से की जा सकती है। इसी प्रकार, बांग्लादेश की तुलना स्विट्जरलैंड, नीदरलैण्ड, स्वीडन आदि जैसे छोटे देशों से की जा सकती है। स्विट्जरलैंड में प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद 99,564 अमेरिकी डॉलर; नीदरलैण्ड में 64,572 अमेरिकी डॉलर एवं स्वीडन में 55,516 अमेरिकी डॉलर प्रति व्यक्ति है। ब्रिटेन ने जब भारत में अपनी सत्ता को छोड़ा था अर्थात भारत ने वर्ष 1947 में जब राजनैतिक स्वतंत्रता प्राप्त की थी तब भारत की 70 प्रतिशत से अधिक आबादी गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रही थी, परंतु आज केवल 4 से 4.5 प्रतिशत भारतीय ही गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन कर रहे हैं। जबकि, बांग्लादेश में लगभग 19 प्रतिशत नागरिक गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने को मजबूर हैं। भारत के सकल घरेलू उत्पाद का आकार आज 4.19 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर के आंकड़े को पार कर गया है जबकि बांग्लादेश के सकल घरेलू उत्पाद का आकार केवल लगभग 46,700 करोड़ अमेरिकी डॉलर का है। सकल घरेलू उत्पाद को देश की कुल जनसंख्या से बांट कर ही प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद के आंकड़े को प्राप्त किया जा सकता है। भारत की जनसंख्या 140 करोड़ से अधिक है जबकि बांग्लादेश की जनसंख्या मात्र 17 करोड़ है। इससे प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद का आंकड़ा बांग्लादेश की तुलना में कुछ कम हो जाता है। भारत में पिछले कुछ वर्षों के दौरान बहुत संतुलित विकास हुआ है। भारत में न केवल धनाडयों की संख्या में अपार वृद्धि दर्ज हुई हे बल्कि गरीबी उन्मूलन पर भी पर्याप्त ध्यान दिया गया है जिससे गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले नागरिकों की संख्या में भी अतुलनीय कमी दर्ज हुई है।




बांग्लादेश की तुलना में भारत एक विशाल देश है एवं भारत के कई राज्यों यथा महाराष्ट्र, गुजरात एवं तमिलनाडु आदि का प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद बांग्लादेश की तुलना में दुगने से तिगुने आकार का है। इसी प्रकार, भारत के राज्य अभी भी कुछ पिछड़े राज्यों की श्रेणी में शामिल है, जैसे, बिहार, झारखंड आदि। परंतु किसी भी देश के प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद का औसत निकालते समय देश के समस्त राज्यों के आंकड़ों को शामिल करना होता है। इस कारण भी भारत में प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद का औसत कुछ कम हो जाता है।

हाल ही के समय में एक और कुतर्क दिया जा रहा है कि भारत में तेज गति से हो रही आर्थिक प्रगति के बीच भी बच्चों की जन्म-मृत्यु की दर अफ्रीकी देशों के समान बनी हुई है। इसः वास्तविक स्थिति की ओर ध्यान ही नहीं दिया गया है। रजिस्ट्रार जनरल आफ इंडिया की एसआरएस रिपोर्ट के अनुसार, भारत में 1,000 शिशुओं के जन्म के बीच शिशुओं की जन्म-मृत्यु दर केवल 26 है। जबकि अफ्रीकी देशों यथा नाईजीरिया में 67, कांगो में 62 एवं ईथियोपिया में 34 है। इन सभी अफ्रीकी देशों की तुलना में भारत में शिशुओं की जन्म-मृत्यु दर कम है। अतः भारत अब अफ्रीकी देशों से इस मामले में बहुत आगे निकल आया है। हां, इस संदर्भ में भारत की तुलना यदि विकसित देशों से की जाएगी यथा अमेरिका में 5 एवं जापान में 2, तब जरूर भारत में इस स्थिति को अभी और अधिक सुधारने की आवश्यकता है, जिसके लिए केंद्र सरकार लगातार प्रयास कर रही है। विशेष रूप से ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार बहुत तेज गति से किया जा रहा है। जिला स्तर पर मेडिकल कॉलेजों की स्थापना की जा रही है। भारत में इस संदर्भ में क्षेत्रीय विषमता भी दिखाई देती है। जैसे, केरल, तमिलनाडु, महाराष्ट्र, गुजरात, दिल्ली जैसे विकसित राज्यों में शिशुओं के जन्म के बीच जन्म-मृत्यु दर 10-15 के बीच ही है, जबकि उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश एवं बिहार जैसे राज्यों में यह 40-50 के बीच बनी हुई है। हालांकि धीमे धीमे इन राज्यों में भी तेजी से सुधार दृष्टिगोचर है। देश में संस्थागत प्रसव की दर में सुधार हुआ है, परंतु जननी सुरक्षा, पोषण एवं टीकाकरण के क्षेत्रों में विशेष रूप से ग्रामीण इलाकों में अभी भी प्रयासों को गति दी जा रही है। इसी प्रकार, ग्रामीण इलाकों में अति पिछड़े परिवारों के बीच गंदे पानी का उपयोग, कुपोषण, प्रसव के पूर्व की देखभाल में कमी के चलते शिशुओं के जन्म के बीच जन्म-मृत्यु दर को अभी और कम किया जाना शेष है। भारत में हालांकि स्वास्थ्य सेवाओं में तेजी से सुधार हुआ है, पर कुछ राज्यों पर अभी भी विशेष ध्यान केंद्रित कर एक भारत श्रेष्ठ भारत नीति से स्वास्थ्य सेवाओं को संतुलित किया जा रहा है।

एक तीसरा झूठा विमर्श और खड़ा किया जा रहा है कि जब भारत आर्थिक प्रगति के पथ पर तेज गति से दौड़ रहा है तो फिर 80 करोड़ नागरिकों को मुफ्त अनाज क्यों उपलब्ध कराया जा रहा है? तथ्यात्मक रूप से यह सही है कि भारत में प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अंतर्गत भारत में केंद्र सरकार द्वारा देश के 80 करोड़ नागरिकों को 5 किलो मुफ्त राशन प्रति माह उपलब्ध कराया जा रहा है। दरअसल, भारत में अभी भी गरीबी पूर्ण रूप से समाप्त नहीं हुई है। सरकार का यह परम कर्तव्य है कि वह अपने नागरिकों को पर्याप्त मात्रा में भोजन उपलब्ध करवाए। कोरोना महामारी के खंडकाल में देश के नागरिकों पर आई प्राकृतिक आपदा के चलते करोड़ों की संख्या में नागरिकों ने अपने रोजगार खोए थे तथा इस गंभीर समय में केंद्र सरकार ने अपने सामाजिक दायित्व का निर्वहन करते हुए देश के गरीब नागरिकों को उक्त योजना के अंतर्गत खाद्य सामग्री उपलब्ध कराना प्रारम्भ किया था, जो आज भी जारी है। दरअसल इसी योजना के चलते भारत में आज लाखों परिवार गरीबी रेखा से ऊपर उठकर मध्यम श्रेणी परिवार की श्रेणी में शामिल हो गए हैं एवं देश के आर्थिक विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। कोरोना महामारी के खंडकाल में मंहगाई एवं बेरोजगारी के दौर में देश के नागरिकों को आजीविका की गारंटी देना आवश्यक था। जब तक देश के समस्त परिवार आत्मनिर्भर नहीं जो जाते तब तक इसे एक ट्रैंजीशनल सिक्यूरिटी नेट माना जा सकता है। हां, आगे आने वाले 3-5 वर्षों के दौरान इस योजना के अंतर्गत शामिल नागरिकों की संख्या को कम जरूर किया जाना चाहिए क्योंकि जो परिवार अब गरीबी रेखा से ऊपर उठकर मध्यम श्रेणी परिवार की श्रेणी में शामिल हो गए है, ऐसे परिवारों को उक्त योजना का लाभ अब बंद किया जाना चाहिए।

**(साभार: यह लेखक के निजी विचार हैं)**

## सड़कों पर दौड़ रही है अनफिट बसें, यातायात विभाग नहीं दे रहा ध्यान

# बस की कमानी टूटी, 32 मुसाफिर घायल, 8 लोगों की हालत गंभीर

**सिरोंज , दोपहर मेट्रो**

अधिकांश यात्री बसों के फिटनेस बगैर जांच के ही बनाए जा रहे हैं उसी का नतीजा है कि बुधवार को भोपाल मार्ग पर कांकर खेड़ी पर शक्ति कंपनी की बस की कामनी टूटने बस अनियंत्रण होकर पलट गई इसमें 32 यात्रियों घायल होगा जिनमें से 8 की हालत नाजुक होने के कारण प्राथमिक उपचार के बाद विदिशा रेफर कर दिया वहीं एक भोपाल के यात्री ने भी प्राथमिक जांच के बाद स्वयं को रेफर करवा लिया वह भोपाल गए है। दूसरी ओर दुर्घटना की जानकारी लगते ही एसडीएम हर्षल चौधरी ,तहसील संजय चौरसिया के साथ बड़ी संख्या में पुलिस बल और प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंच गया सरकारी और निजी एंबुलेंस से एसडीएम ने सभी घायलों को तुरंत शासकीय राजीव गांधी अस्पताल पहुंचाया जहां पर इनका प्राथमिक उपचार करवाया इसके उपरांत जिनकी हालत गंभीर थी उनको डॉक्टरों इलाज के बाद विदिशा रेफर कर । बाकी उपचार यही हो रहा कुछ की छुट्टी भी हो चुकी उनको मामूली चोटे आई थी

दुर्घटना के बाद यात्रियों में की पुकार मच गई कई बस की सीटरे भी टूट गई बस स्पीड में थी घायल ने बताया कि इमरजेंसी गेट भी नहीं खुला कांच फोड़कर हम बाहर निकले चालक और स्टाफ मौके से गायब हो गया था लोगों ने दुर्घटना होने की जानकारी प्रशासन को दी इसके बाद पुलिस और प्रशासन ने बचाव कार्य तत्काल प्रारंभ करवाया नहीं तो 32 यात्रियों की जान बचाना मुश्किल हो जाता जिस तरीके से बस पलटी है उन हालातो को देखकर हुए बड़ी घटना भी घटित हो सकती थी बस खाई की तरफ गिर जाती तो बड़ी दुर्घटना भी घटित हो सकती थी बस कई पलटी खाकर सड़क के किनारे जाकर टिक गई इस वजह से यात्रियों ने कांच फोड़े उनमें से छोटे-बड़े बच्चों को भी निकाल वैसे हर बस में इमरजेंसी गेट ड्राइवर की साइट होता है पर इस बस में इमरजेंसी गेट नहीं था सूत्रों ने बताया इस वजह से इन्हें कांच तोड़कर यात्रियों को बाहर निकलना पड़ा या बहुत बड़ी चूक है। वैसे ही बस अनफिट थी इस वजह से कमानी टूटी बस की रफ्तार तेज और बड़ा हादसा होते होते बच गया। इस हादसे के बाद यातायात विभाग के अधिकारी सीख लेगा या नहीं यह तो आने वाले दिनों में ही पता चलेगा या फिर अनफिट बस ऐसी तरह दौड़ती रहेंगी और किसी दिन बड़ी जनहानि होने के बाद ही जिम्मेदारी नींद में से जगे और कार्रवाई की हिम्मत दिखाएंगे।





### बिना रोक-टोक के दौड़ रही है कंडम बसें

10 साल अधिक पुरानी बसों भी सड़कों चल रही है इनमें से कई बसें फिट भी नहीं होती है फिर भी कागजों में फिटनेस बनवाकर इनको चलाया जा रहा है। जिस समय फिटनेस बनाया जाता है उस समय यातायात विभाग के द्वारा गंभीरता से जांच नहीं की जाती बगैर जांच के ही फिटनेस जारी हो जाता है। उसी का परिणाम की है चलती हुई बस की कामनी टूट गई और बड़ी जनहानि होते-होते बच गई यदि बड़ी घटना हो जाती तो उसका जिम्मेदार कौन होता इस बस में 32 यात्रियों मौजूद थे . ऐसी कई बसें है ऐसी हालत में चल रही है इमरजेंसी गेट भी नहीं खुलते हैं फास्टेड बॉक्स से लेकर किराया सूची और ड्रेस कोड का पालन भी नहीं होता है स्पीड गवर्नर भी नहीं लगा हुआ है इस वजह से तेज रफ्तार में बसें दौड़ती है किसी भी तरह की तकनीक खराबी आने पर बसों को कंट्रोल नहीं होती इस तरफ भी जिम्मेदारों को ध्यान देना होगा इस मामले मैं बस मालिक और चालक पर कई कार्रवाई होनी चाहिए तभी कुछ बदलाव होगा दूसरी ओर छोटे-छोटे वहनों की जांच तो यातायात पुलिस करती है पर बड़े-बड़े वाहन जो खुलेआम सरकार के नियमों का मजाक उड़ा रहे हैं उन पर कार्रवाई नहीं होती है।

### 32 घायलों के नाम

थाना प्रभारी पंकज गीते ने बताया कि संख्या बस क्रमांक- एम.पी. 09 एफ.ए. 5464 को भोपाल से सिरोंज आ रही बस कांकरखेडी घाटी पर अनियत्रिंत होकर पलट गई इसमें सवार 34 यात्रियों चोट आई है इसमें 8 की हालत नाजुक होने पर रेफर किया। घायलों में प्रीति पति अनियव उम्र 35 साल निवासी भोपाल, योगेन्द्रह अग्रवाल पुत्र मातादीन अग्रवाल उम्र 40 साल निवासी भोपाल(रेफर), दीपक पुत्र मूंगालाल उम्र 28 साल निवासी ग्राम बगरोदा , मूंगालाल पुत्र तोरन सिंह उम्र 55 साल निवासी ग्राम बगरोदा, आशीष पुत्र चन्द्रभान उम्र 30 साल निवासी ग्राम रूसल्लीदामा (रेफर), शंकर पिता जगदीश बंजारा उम्र 24 साल निवासी ग्राम तंबरोरिया, सीमा पत्नी शंकर बंजारा उम्र 23 साल निवासी तंबरोरिया, भूरीबाई पति अमर सिंह नायक उम्र 40 साल निवासी निपानिया बरबाई, राधाबाई पत्नि घनश्याम नायक उम्र 30 साल निवासी निपानिया बरवाई, गोरीशंकर पिता बाबूलाल गुप्ता उम्र 34 साल निवासी भोपाल, रिहान (रेफर). देवीलाल पुत्र मोहनलाल उम्र 60 साल निवासी बैरसिया (रेफर), लताबाई पत्नि दयाराम उम्र 30 साल निवासी झागर सेमलखेडी, अशोक राजानी पत्नि बिजय उम्र 40 साल निवासी करोद भोपाल, ललिता पति कमल सिहं नाथ उम्र 60 निवासी बरबटपुरा थाना शमशाबाद, वसीम पुत्र जलील बेग उम्र 40 साल निवासी करोद भोपाल, हुसैन खां पुत्र नासिर खां उम्र 60 साल निवासी करमेडी, अंशू चौधरी पुत्र रामकेवल उम्र 25 साल निवासी खुशीनगर उ.प्र., मेहरवान सिंह पुत्र गुलाव सिंह उम्र 65 साल निवासी उनारसीताल, राहुल पुत्र जमनाप्रसाद पंथी उम्र 25 साल निवासी सिरोंज, हरनाम पुत्र खूब सिंह उम्र 72 साल निवासी हसनपुर सिरोंज, जमील पुत्र जलील बेंग उम्र 54 साल निवासी समतापुरा , भानुपर भोपाल, तुलसाबाई पत्नी पूरन सिंह उम्र 65 साल निवासी करोंद भोपाल, युसुफ पुत्र हमीर खां उम्र 55 साल निवासी ग्राम कस्वाताल थाना पथरिया, रूकसाना पति युसुफ खां उम्र 50 साल निवासी कस्वाताल थाना पथरिया, रेखा पत्नि गणेश उम्र 27 साल निवासी शेरपुरा कालोनी , नटेरन, गणेश पुत्र पूरन सिंह उम्र 36 साल निवासी शेरपुरा कालोनी , नटेरन, लईक पुत्र मुंशी खा उम्र 48 साल निवासी शमशाबाद, हुजा पुत्र आरिफ उम्र 2 साल निवासी करोंद भोपाल, साफिया पत्नि आरिफ उम्र 30 साल निवासी करोंद भोपाल, चरण शाक्य पुत्र बालमुकुन्द शाक्य उम्र 32 साल निवासी नारायणपुर भोपाल, निराली पुत्र फेमीद उम्र 40 साल निवासी भानपुर भोपाल है।

थाना प्रभारी ने बताया कि गौरी शंकर गुप्ता की तरफ से अफेयर ले जाकर अपराध क्रमांक 341/ 25 पंजीकृत करवाया है। अनफिट बस की जांच भी यातायात पुलिस से करवाई जाएगी बस दुर्घटना में बस मालिक और चालक पर भी मामला दर्ज करें।

## तहसील मैं फार्म आईडी बनना प्रारंभ




**सिरोंज।** सरकार के द्वारा सभी किसानों की फार्म आईडी बनवाने के लिए अभियान चलाया जा रहा है इसके लिए एक और सुविधा केंद्र तहसील कार्यालय एसडीएम हर्षल चौधरी ने नवाचार करते हुए प्रारंभ करवाया है कोर्ट और तहसील में आने वाले किसानों की फार्मा आईडी यहां पर निशुल्क में बनई जा रही है। बुधवार को 25 किसानों ने इस सुविधा का लाभ लिया इस काम के लिए डाटा ऑपरेटर साथ एक कर्मचारी को पूरी सुविधाओं के साथ तैनात किया गया है। एसडीएम ने बताया कि फ़ार्म आईडी सभी किसान भाइयों के लिए जरूरी है इसलिए जिन किसानों ने अभी तक नहीं बनवाई है वहां आवश्यक रूप से बनवा ले भविष्य में पीएम , सीएम सम्माननिधि मिलने में परेशानी हो सकती इसके अलावा शासन की सभी योजनाओं को लाभ इसके माध्यम से मिलेगा अन्य दस्तावेजों को आवश्यकता भी खत्म हो जाएगी अच्छी सुविधा दी जा रही है इसलिए जिन्होंने अभी तक नहीं बनवाई है वहां तत्काल बनवाले।

## आईटीआई में प्रवेश पुनः प्रारंभ

**सिरोंज।** विदिशा जिले की समस्त शासकीय आईटीआई में प्रवेश सत्र 2025-26 हेतु पंजीयन 17 जून 2025 से पुनः प्रारंभ हो गए हैं। आईटीआई के प्रभारी प्राचार्य श्री आलोक रावत ने बताया की जिले की समस्त शासकीय आईटीआई में 35 प्रतिशत सीटें महिलाओं हेतु आरक्षित की गई हैं। जिससे की बेटियों में आईटीआई के प्रति रुचि बढ़े एवं बेटियां भी कौशल प्रशिक्षण प्राप्त कर रोजगार प्राप्त कर सकें। इच्छुक आवेदक विभाग की वेबसाइट https://mpiticounseling.co.in/ पर जाकर अथवा शासकीय आईटीआई विदिशा की हेल्पडेस्क पर संपर्क कर पंजीयन कर सकते हैं। विदिशा जिले की सात शासकीय आईटीआई क्रमशः विदिशा, गंजबासोदा, सिरोंज, लटेरी, ग्यारसपुर, नटेरन, एवं कुरवाई में कुल 16 ट्रेडों में 1204 सीटें उपलब्ध हैं। अधिक जानकारी के लिए शासकीय आईटीआई विदिशा के हेल्पडेस्क पर संपर्क कर सकते हैं। व्यवसाय वेल्डर, कारपेंटर, एवं सुईंग टेक्नॉलजी हेतु योग्यता 8वीं उत्तीर्ण है एवं शेष अन्य व्यवसायों हेतु योग्यता 10वीं उत्तीर्ण है।

## गैरेज में रखें ट्रैक्टर में लगी आग



**सिरोंज।** बुधवार को ग्राम मिठे पुर में बड़ा हादसा होते-होते टल गया बस ट्रैक्टर ही जल पाया।दोपहर में अचानक चंद्र क्रैश रघुवंशी का ट्रैक्टर गैरेज में रखा हुआ था तभी उसमें अचानक अज्ञात कारणों से आग उसकी लपटें इतनी भयंकर उठ रही थी उसके पास में जाना मुश्किल हो रहा था आसमान में धुएं का गब्बर उठा रहा था इसको देखकर ग्रामीण पहुंचे और कड़ी में मशक्कत के उपरांत ट्रैक्टर में लगी आग को बुझा गया तब तक ट्रैक्टर पूरी तरह से जल कार नष्ट हो गया किसान को लाखों का नुकसान हो गया । दूसरी और आग गांव में नहीं फैली नहीं नहीं तो बुझान मुश्किल हो जाता।

## गौशाला पहुंचकर एसडीएम ने गोवंश को गुड़ के लड्डू खिलाकर मनाया जन्मदिवस

**तेन्दूखेड़ा।** सोमवार को नगर में संचालित आचार्य श्री विद्यासागर दयोदय पशु सेवा केंद्र गौशाला तेंदूखेड़ा में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एसडीएम सौरभ गंधर्व ने अपना जन्मदिन गौशाला में उपस्थित गोवंश को गुड़ के लड्डू खिलाकर मनाया श्री गंधर्व मैं गौशाला में गोवंश के स्वास्थ्य एवं उनके रखरखाव की व्यवस्था देखकर प्रसन्नता व्यक्त की इसके अलावा उन्होंने कहा कि गौशाला के लिए हमसे जो भी व्यवस्थाएं और जो भी हमसे सहयोग होगा वह हम करेंगे इसके अलावा उन्होंने अनेक प्रकार की सुझाव दिए ।इस अवसर पर तहसीलदार विवेक व्यास गौशाला अध्यक्ष संजय कुमार जैन पारसमणी महामंत्री अमर चंद जैन उपाध्यक्ष विजय कुमार जैन ऑडिटर राजेंद्र जैन दिगम्बर सतेंद्रजैन गुड्डू बम्बई मोंटू मोदी आयुष पांडे अंकित जैन मुकेश जैन सुनील सराफ रतन चंद जिनशासन के समस्त सदस्य गौशाला कमेटी समस्त कर्मचारी मौजूद रहे।



## प्रदीप मिश्रा की टिप्पणी के विरोध में कायस्थ समाज ने ज्ञापन सौंपा

**सिरोंज।** चित्रगुप्त सेवा समिति अध्यक्ष के नेतृत्व में समस्त कायस्थ समाज ने राज्यपाल के नाम एक आवेदन पत्र अनुविभागीय अधिकारी को एक आवेदन पत्र सौंप कर कथावाचक प्रदीप मिश्रा द्वारा भगवान चित्रगुप्त पर की गई टिप्पणी का विरोध किया है आवेदन पत्र में कहा गया है कि पिछले सप्ताह में कथा वाचक प्रदीप मिश्रा द्वारा प्रवचन के दौरान सनातन धर्म एवं कायस्थ समाज के आराध्य प्रभु चित्रगुप्त पर अभद्र एवं अमर्यादित टिप्पणी की गई है जिससे समस्त सकल सनातन समाज,हिंदू समाज एवं कायस्थ समाज में भारी रोष है। आवेदन पत्र में मांग की गई है कि प्रदीप मिश्रा के विरुद्ध अतिशीघ्र कठोर कार्रवाई की जाए इस अवसर पर बड़ी संख्या में समाज जन मौजूद रहे।



## तेजगढ रेस्टहाउस के खानसामा ने फांसी लगाकर दी अपनी जान

**तेंदूखेड़ा।** तेजगढ रेस्टहाउस में पदस्त खानसामा रामरतन कोरी पिता मोहन कोरी 57 ने रेस्ट हाउस के पीछे बने सरकारी घर में जिसमें वह रहता था उसी घर में सुबह लगभग 10 बजे फांसी लगाकर आत्म हत्या करली है। पुलिस ने प्राप्त जानकारी के अनुसार रामरतन को लगभग तीन माह पहले लकवा लग गया था। जिससे परेशान था। प्रथम दृष्टियां बताया जा रहा है कि लकवा से परेशान होकर आत्म हत्या की है। तेंजगढ पुलिसने ने मर्ग कायम कर मामले की जॉच कर रही है।

## कलेक्टर ने मार्कफेड वेयरहाउस और निजी खाद-बीज, कीटनाशाक विक्रय दुकान का निरीक्षण किया

# स्टाक पर शासकीय केंद्र से विक्रित मार्कफेड की सील हरेक खाद बोरी पर लगाना अनिवार्य : कलेक्टर

**सिरोंज , दोपहर मेट्रो**

विदिशा कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने शमशाबाद के डबल लॉक मार्कफेड वेयर हाउस में भंडारित खाद के स्टाक व पंजियो का निरीक्षण किया। विशेष कर उन्होंने शासकीय विक्रय व भंडारित स्टाक पर लगाई जाने वाली सील (मोहर) के संबंध में दिशा-निर्देश दिए हैं। कलेक्टर श्री गुप्ता ने जिले के सभी शासकीय विक्रय व भंडारित स्टाक पर लगाई जाने वाली सील मोहर शासकीय केंद्र से विक्रीत मार्कफेड विदिशा उल्लेखित सील हरेक खाद बोरी पर लगाया जाना अनिवार्य किया गया है। उक्त कार्य की जांच परख भी की गई है।

कलेक्टर श्री गुप्ता ने इसके साथ ही शमशाबाद में निजी खाद बीज, कीटनाशक विक्रेता राधारानी ट्रेडर्स में अचानक पहुंच कर जानकारी प्राप्त की और स्टाक का निरीक्षण किया। उन्होंने राधारानी ट्रेडर्स में भंडारित स्टाक की गिनती कर मिलान रिपोर्ट देने हेतु थानीय एसडीएम को अधिकृत किया।



### खाद स्टाक में कम मिला

कलेक्टर ने आज नसरतगढ (शमशाबाद) में संचालित निजी खाद विक्रेता राधा रानी ट्रेडर्स का औचक निरीक्षण किया। दुकान और गोदाम में भंडारित खाद स्टाक की प्राप्ति और विक्रय रिकार्ड की जांच करने हेतु अधिकृत तहसीलदार व डीपीसी के द्वारा तैयार कराया गया पंचनामा कि जानकारी देते हुए एसडीएम श्री अजय प्रताप सिंह पटेल ने बताया कि नसरतगढ (शमशाबाद) में संचालित रानी ट्रेडर्स में संधारित रिकॉर्ड के अनुसार वितरण रजिस्टर अनुसार 54 बोरी डीएपी अतिरिक्त एवं 202 बोरी यूरिया कम होना पायी गई जिसके संबंध में कोई दस्तावेज, वितरण पंजी उपलब्ध नही करायी गई। उक्त आश्य का प्रतिवेदन प्रेषित किया गया है।

कलेक्टर ने नसरतगढ़ शमशाबाद में शासकीय मार्कफेड वेयरहाउस में भंडारित खाद के स्टाक व पंजियो का निरीक्षण किया। उन्होंने जिले के सभी शासकीय विक्रय व भंडारित स्टाक पर लगाई जाने वाली सील मोहर शासकीय केंद्र से विक्रीत मार्कफेड विदिशा उल्लेखित सील हरेक खाद बोरी पर लगाया जाना अनिवार्य किया गया है। उक्त कार्य की जांच परख भी की है।

कलेक्टर ने डबल लॉक के वेयरहाउस में भंडारित खाद स्टाक की जांच कर प्रतिवेदन उपलब्ध कराने के निर्देश स्थानीय एसडीएम श्री अजय प्रताप सिंह पटेल को दिए थे। एसडीएम श्री पटेल ने समुचित जांच पड़ताल कार्यो को पूरा करने के उपरांत प्रेषित रिपोर्ट के अनुसार शासकीय मार्कफेड वेयरहाउस में 80 बोरी एसएसपी कम पायी गई जिनका कोई रिकार्ड नही पाया गया। जांच के दौरान मौके पर उपस्थित किसान भीम सिंह मैना निवासी ग्राम सारसी के द्वारा बताया गया कि उनके द्वारा 2 बोरी एनपीके की खरीदी गई जिन पर एमआरपी 1470 रू अंकित था, किन्तु रसीद 2 बोरी एनपीके की 3440 रू की दी गई है। उक्त संबंध में ऑपरेटर द्वारा बताया गया कि बोरियों पर एमआरपी रेट पुराना अंकित था। उपलब्ध बोरिया पर एमआरपी रेट 1470 रू. अंकित है उक्त दर के अनुसार कुल कीमत 2940 रू लिया जाना था।

अमानक वस्तु ट्राइकोडर्मा (वॉयोफर्टीलायजर) 500 ग्राम 7079, पैकेट पाये गये जो कि एक्सपायरी डेट के रखे हुये पाये गये जिनको समय पर नष्ट नही किया गया। जांच के दौरान पाया गया कि 80 बोरी एसएसपी कम पायी गई एवं एनपीके की विकय एमआरपी दर से अधिक मूल्य पर किया जाना प्रमाणित होना पाया गया।

## किसानों के नाम पर मंडी में 5 रूपए थाली योजना फर्जीवाड़ा करने वाले ठेकेदार टेंडर निरस्त एसडीएम ने की कार्रवाई

**सिरोंज।** सरकार की किसान हितैषी योजना उनके नाम पर लाखों का घोटाला उजागर हुआ है ।उसके बाद ठेकेदार का टेंडर समाप्त करने की कार्रवाई हो गई वह मंडी के जिन अधिकारी कर्मचारियों की मिली मिली भगत से हुआ उन पर कब करवाई होगा इसका इंतजार सभी को है। शासन के द्वारा मंडी में आने वाले किसानों को 5 रुपए थाली योजना में भोजन उपलब्ध करवाया जा रहा है। इसमें 5 कैंटीन चलाने वाले ठेकेदार को किसानों से लेने हैं 12 मंडी से मिलते हैं पर इस योजना में बड़ा घोटाला हुआ है। जिसकी पोल पिछले दिनों एसडीएम हर्षल चौधरी के निरीक्षण में खुली थी इस घोटाले की खबर को हमारे संवाददाता ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था इसके बाद एसडीएम के निर्देश पर सचिव ने ठेकेदार और तीन मंडी के 2 अधिकारियों 1 कर्मचारियों को नोटिस दिया था संतोजनक जवाब रसोई संचालक के द्वारा नहीं दिया गया इसके बाद एसडीएम ने तत्काल ठेकेदार का टेंडर निरस्त करने के निर्देश मंडी सचिव को दिए हैं । ठेकेदार यहां पर कैंटीन संचालित नहीं कर पाएगा उसकी निविदा भी निरस्त की जाएगी दूसरी ओर इस लाखों के घोटाले में शामिल मंडी के इन अधिकारीयों ओर कर्मचारियों की भूमिका की जांच के लिए जांच दल भी गठित किया गया है ।

**मेट्रो एंकर** कलेक्टर ने लटेरी क्षेत्र का भ्रमण कर योजनाओं और विकास कार्यों का जायजा लेकर अफसरों को दिए निर्देश

# समस्याओं के निराकरण और योजनाओं के लाभ के लिए यहां-वहां ना भटकें नागरिक

**सिरोंज , दोपहर मेट्रो**

विदिशा कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने आज लटेरी क्षेत्र में भ्रमण कर शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन, विकास कार्यो तथा प्रदाय की जा रही शासकीय सेवाओं और शैक्षणिक व्यवस्थाओं के क्रियान्वित कार्यो का जायजा लिया। उन्होंने क्रियान्वित कार्यो का मौके पर पहुंचकर औचक निरीक्षण ही नहीं किया बल्कि व्यवस्थाओं के संबंध में जरूरी दिशा-निर्देश भी अधिकारी कर्मचारियों को दिए हैं।

### कलेक्टर ने आईटीआई में प्रवेश संख्या बढ़ाने पर दिया विशेष जोर

कलेक्टर श्री गुप्ता ने लटेरी में संचालित शासकीय आईटीआई का निरीक्षण कर विषय विशेषज्ञों को मार्गदर्शन प्रदान करते हुए आईटीआई में छात्रों की प्रवेश संख्या बढ़ने पर जोर दिया है। उन्होंने कहा है कि 10वीं 12वीं कर चुके विद्यार्थियों का रुझान आईटीआई में कौशल शिक्षा प्राप्त करने की और बढ़े इसके लिए आवश्यक कार्रवाई करें स्कूलों कॉलेजों में पहुंचकर बच्चों को आईटीआई में प्रवेश लेने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि बच्चे जब तक अपनी पढ़ाई पूरी करें तब तक वह आईटीआई का कोर्स कर रोजगार प्राप्त कर लें यही शासन की मंशा है।



कलेक्टर श्री गुप्ता ने लटेरी भ्रमण के दौरान लटेरी एसडीएम कार्यालय के माध्यम से संपादित किए जा रहे कार्यो का मुआयना किया तथा पूर्व रिकार्ड संधारण के प्रबंधों को जाना है। उन्होंने एसडीएम श्री विनीत तिवारी को निर्देश दिए हैं कि आवेदक गण अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए यहां वहां भटकें ना और उन सभी के कार्य समयावधि में हों का पालन सुनिश्चित कराएं। इस दौरान उन्होंने राजस्व प्रकरणों का समय सीमा में निराकरण और पक्षकारों को समय सीमा में नकल उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए हैं।

कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता ने धरती आबा अभियान अंतर्गत लटेरी तहसील के रायपुरा में आयोजित लाभ संतृप्ति शिविर में पहुंचकर योजना से लाभान्वित हितग्राहियों और ग्रामीणों से संवाद किया। उन्होंने शिविर के उद्देश्यों को रेखांकित करते हुए विभाग वार लाभान्वित हितग्राहियों की जानकारी भी ली।

कलेक्टर श्री गुप्ता ने शासन द्वारा प्राप्त दिशा-निर्देशों पर जिले में क्रियान्वित धरती आबा अभियान के माध्यम से जनजातीय वर्ग के उत्थान के लिए किये जा रहे कार्यो पर गहन प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचे इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, ताकि जनजाति वर्ग के हितग्राहियों को योजनाओं के लाभ और सुविधाएं मिल सकें।

## सीरीज का पहला टेस्ट लीड्स में 20 जून से खेला जाएगा

# नए कप्तान शुभमन गिल का इंग्लैंड दौरे पर होगा लिटमस टेस्ट, पांच साल में चढ़ता-उतरता रहा बल्लेबाजी ग्राफ

नई दिल्ली,, एजेंसी

**टीम इंडिया टेस्ट क्रिकेट में एक नए युग की शुरुआत कर रही है। ऐसा इसलिए क्योंकि भारतीय टीम रोहित शर्मा, विराट कोहली और रविचंद्रन अश्विन जैसे दिग्गजों के बिना टेस्ट क्रिकेट में उतरेगी। 25 साल के गिल के नेतृत्व में टीम इंग्लैंड में 5 मैचों की सीरीज खेलेगी। यह गिल की कप्तानी में टीम की पहली परीक्षा होगी। सीरीज का पहला टेस्ट लीड्स में 20 जून से खेला जाएगा।**

सच तो यह है कि इस इंग्लैंड दौरे में गिल को दोनों मोर्चे पर अपना दमखम दिखाना होगा। एक तो भारत ने आखिरी बार 2007 में इंग्लैंड में टेस्ट सीरीज में जीत दर्ज की थी। ऐसे में गिल के सामने पहली बार कप्तान के तौर पर उस उपलब्धि को दोहराने की चुनौती है। दूसरी तरफ गिल को अपनी बल्लेबाजी से भी मैच का रुख बदलना होगा। कुछ ही दिन पहले गिल का इंटरव्यू लेने वाले दिनेश कार्तिक ने कहा था, 'मुझे नहीं लगता कि उन्हें अभी तक भारत के लिए टेस्ट कप्तान होने के महत्व का एहसास हुआ है। वह शेर की मांद में जा रहे हैं। एक क्रिकेट राष्ट्र के तौर पर इंग्लैंड में आना आसान नहीं है।'

### सेना देशों में बड़ी पारी खेलने में नाकाम रहे

गिल ने भारत के लिए 32 टेस्ट खेले है, लेकिन सेना (दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया) देशों में वह नियमित तौर पर बड़ी पारी खेलने में नाकाम रहे हैं। सिर्फ इंग्लैंड की धरती पर टेस्ट मैचों में उनके प्रदर्शन की बात करें तो यह और भी निराशाजनक रहा है। उन्होंने वहां 3 टेस्ट मैचों की 6 पारियों में महज 88 रन बनाए है। इनमें से एक मैच न्यूजीलैंड के खिलाफ जून 2021 में साउथैम्प्टन में खेला गया वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप का फाइनल भी शामिल है।

### पिछली 10 टेस्ट पारियों में सिर्फ एक अर्धशतक

2020 में डेब्यू करने वाले गिल ने अपने टेस्ट करियर में अब तक 35.05 की औसत से 1893 रन बनाए हैं, जिसमें उनके 5 शतक और 7 अर्धशतक शामिल है। लेकिन पिछली 10 टेस्ट पारियों में उनके नाम सिर्फ एक अर्धशतक है। अब इंग्लैंड सीरीज में देखना है कि गिल किस क्रम पर बल्लेबाजी के लिए उतरते हैं। पूर्व भारतीय कप्तान रवि शास्त्री ने नए टेस्ट कप्तान गिल को चौथे नंबर पर रखा है।



### गिल की किस्मत थोड़ी अच्छी है

**दिनेश कार्तिक की मानें तो गिल की किस्मत थोड़ी अच्छी है, क्योंकि इंग्लैंड की गेंदबाजी उतनी मजबूत नहीं है। इंग्लैंड की बल्लेबाजी भारत पर दबाव बनाएगी, लेकिन गेंदबाजी एक ऐसा क्षेत्र है जिस पर इंग्लैंड को काम करना है और यह भारत के लिए फायदेमंद हो सकता है। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज मैथ्यू हेडन का भी मानना है कि इंग्लैंड कई गेंदबाज चोटिल हैं और कई खिलाड़ी संन्यास ले चुके हैं। उसके लिए यही बड़ी चुनौती होगी।**

### अब सामने होगी गति और उछाल वाली पिच

शुभमन गिल की हालिया फॉर्म देखें तो उन्होंने आईपीएल 2025 में 50.00 की औसत से 650 रन बनाए और सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में साई सुदर्शन (759), सूर्यकुमार यादव (717) और विराट कोहली (657) के बाद चौथे नंबर पर रहे। लेकिन अब उनके सामने गति और उछाल वाली इंग्लिश पिच होगी। गिल कप्तानी में बिल्कुल कोरे ने नहीं हैं। उन्होंने आईपीएल में अब तक 27 मैचों में कप्तानी की है। उनकी कप्तानी में गुजरात टाइटन्स (त्न्ञ) ने 14 मैच जीते हैं, जबकि 13 में उसे हार मिली है। गिल के पास अंतरराष्ट्रीय मैचों की कप्तानी का अनुभव भी है। उन्होंने जिम्बाब्वे दौरे के 5 टी20 मैचों में से 4 में बाजी मारी है।

## बुमराह सहित इन तेज गेंदबाजों पर रहेगी नजर, इंग्लैंड में कैसा है रिकॉर्ड

नई दिल्ली। पिछले कुछ वर्षों भारत के अच्छा प्रदर्शन में तेज गेंदबाज की भूमिका खास रही है, चाहे वह फिर विदेशी सीरीज हो या घरेलू। इंग्लैंड में लम्बे समय से सीरीज जीत का इंतजार कर रही भारतीय टीम को फिर से तेज गेंदबाजों से उम्मीदें हैं ताकि रोहित शर्मा और विराट कोहली के संन्यास के बाद टीम दौरे को ऐतिहासिक बना सके। भारत और इंग्लैंड के बीच 20 जून से लीड्स में पांच टेस्ट मैचों की सीरीज की शुरूआत होगी जिसमें इन तेज गेंदबाजों पर नजर रहेगा जिसमें हर बार की तरह जसप्रीत बुमराह का नाम शामिल है। भारत की ओर से जसप्रीत बुमराह पर बड़ी जिम्मेदारी होगी। बुमराह भारतीय तेज गेंदबाजी का सामने से नेतृत्व करेंगे। बुमराह की गेंदबाजी क्षमता और अनुभव को देखते हुए उनसे टीम को बहुत उम्मीदें हैं। अपनी गति और दिशा को बदलकर बल्लेबाजों को चकमा देना बुमराह की खास क्षमता है। बुमराह नई गेंद से विकेट लेने और विपक्षी टीम पर दबाव बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। हालांकि बुमराह सभी 5 टेस्ट मैचों के लिए उपलब्ध नहीं होंगे लेकिन उन्की मौजूदगी से टीम को मजबूती मिलेगी। बुमराह के साथ मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, शार्दुल ठाकुर और एक मात्र बाएं हाथ के गेंदबाज अर्शदीप सिंह पर अपनी चमक बिखेरा चाहेंगे।

## विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप की ब्रांड दूत बनीं कंगना रनौत

**नयी दिल्ली।** अभिनेत्री सह राजनीतिज्ञ कंगना रनौत को बुधवार को सितंबर-अक्टूबर में यहां होने वाली विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप का ब्रांड दूत नियुक्त किया गया। 'फैशन' और 'क्वीन' जैसी फिल्मों में अपने अभिनय के लिए प्रशंसा बटोरने वाली 39 वर्षीय कंगना वर्तमान लोकसभा में हिमाचल प्रदेश के मंडी निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करती हैं। कंगना ने भारतीय पैरालंपिक समिति (पीसीआई) ने कहा, ''भारत के पैरा एथलीट हर दिन क्या संभव है, इसे फिर से लिख रहे हैं। मैं उनका समर्थन करने और उनकी अविश्वसनीय उपलब्धियों के बारे में जागरूकता बढ़ाने में मदद करने के लिए बहुत सम्मानित महसूस कर रही हूं। पैरा खेल केवल प्रतिस्पर्धा के बारे में नहीं है- यह साहस के बारे में हैं और मुझे हमारे चैंपियन खिलाड़ियों के पीछे खड़े होने पर गर्व है।'' पीसीआई के अध्यक्ष और भारतीय जनता पार्टी के नेता देवेंद्र झझारिया ने कहा, ''भारत के खिलाड़ियों के प्रति उनका जुनून, प्रभाव और प्रतिबद्धता उन्हें नयी दिल्ली 2025 विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए एक आदर्श दूत बनाती है।''



## डबल्यूआर चैस ने जीता फीडे विश्व टीम ब्लिट्ज शतरंज चैंपियनशिप का खिताब

**लंदन ।** फीडे विश्व टीम ब्लिट्ज शतरंज चैंपियनशिप 2025 के फाइनल मुकाबले में हफ चेस टीम ने कजचेस को दोनों मैचों में 4-2 से हराकर विश्व टीम ब्लिट्ज शतरंज चैंपियनशिप का खिताब दूसरी बार अपने नाम किया। इससे पहले उन्होंने 2024 में कजाकिस्तान में यह खिताब जीता था। तीन दिवसीय प्रतियोगिता के नॉकआउट चरण में 53 टीमों में से शीर्ष 16 टीमों ने जगह बनाई थी, जिसमें प्री-क्वार्टर फाइनल, क्वार्टर फाइनल, सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबले खेले गए। हर मुकाबले में टीमों के बीच कम से कम दो मैच हुए, और बराबरी की स्थिति में प्लेऑफ मुकाबले भी कराए गए। डबल्यूआर चेस ने दोनों फाइनल मैचों में 4-2 से जीत दर्ज की। अलीरेजा फिरोजा, हिकारु नाकामुरा और मैक्सिम वाचिए-लाग्रेव ने निर्णायक जीत दर्ज कर टीम को खिताबी जीत दिलाई। टीम को बिग बेन और शतरंज मोहरे के मिश्रण से प्रेरित ट्रॉफी के साथ क75,000 की पुरस्कार राशि भी मिली।

## पहली 15 गेंदों पर 11 रन, अगली 34 गेंदों पर 95 रन, मैक्सवेल ने तूफानी पारी खेली

नई दिल्ली,, एजेंसी

**ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल ने मेजर लीग क्रिकेट में धमाकेदार शतकीय पारी खेलते हुए बड़ रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। मैक्सवेल टी20 क्रिकेट में हमवतन डेविड वार्नर, एरॉन फिंच, भारतीय दिग्गज रोहित शर्मा और इंग्लैंड के जोस बटलर की बराबरी करते हुए संयुक्त रूप से चौथे सबसे ज्यादा 8 शतक लगाने वाले खिलाड़ी बन गए।**

मैक्सवेल ने ओकलैंड में लॉस एंजिल्स नाइट राइडर्स के खिलाफ अपनी टीम वाशिंगटन फ्रीडम के लिए मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) मैच के दौरान यह उपलब्धि हासिल की। उन्होंने 49 गेंदों में दो चौकों और 13 छक्कों की मदद से नाबाद 106* रन बनाए। उनके रन 216.33 के स्ट्राइक रेट से आए। वह इस सीजन में स्टीव स्मिथ की अनुपस्थिति में टीम की कप्तानी कर रहे टी20 में उनके नाम 178 विकेट भी हैं। महत्वपूर्ण बात यह है कि पहली 15 गेंदों पर मैक्सवेल ने मात्र 11 रन बनाए थे लेकिन इसके बाद अगली 34 गेंदों पर उन्होंने 95 रन ठोक डाले और कुल 106 रन बनाए।



मैक्सवेल के 10,500 रन, 178 विकेट और पांच से ज्यादा टी20 शतक लगाने पूरा करने वाले दुनिया के पहले खिलाड़ी बन गए हैं। वार्नर, फिंच, रोहित, बटलर और ऑस्ट्रेलिया के माइकल क्लिंगर सभी के नाम आठ-आठ टी20 शतक हैं। इस प्रारूप में सबसे ज्यादा शतक वेस्टइंडीज के दिग्गज क्रिस गेल ने लगाए हैं जिन्होंने 463 मैचों में 22 शतक लगाए हैं।

**मनोरंजन**

**बॉलीवुड का कोना**



## क्यों साल में 4 फिल्में करते हैं अक्षय कुमार, पैसा है वजह? बोले- काम मिल रहा है तो...

बॉलीवुड के खिलाड़ी यानी अक्षय कुमार के वर्क रिजीम की अक्सर बात की जाती है। उन्हें लेकर हमेशा कहा जाता है कि सबसे तेजी से फिल्मों की शूटिंग खत्म करते हैं। और सालभर में तकरीबन 4 फिल्में करते हैं। उनके काम करने के तरीकों पर लोग सवाल भी उठाते हैं कि उन्हें इतना काम करने की जरूरत क्या है, साथ ही इतनी फिल्में करके, इतना पैसा कमाकर वो क्या करेंगे? अब अक्षय ने इस बातों का जवाब दिया है। एक्टर ने सभी सवालों का जवाब देते हुए, सबका मुंह बंद कर दिया। उन्होंने कहा कि मैं साल में 4 फिल्में करूं इसमें किसी को दिक्कत क्या है? अक्षय की इस मेहनत को लेकर उन्हें तारीफ भी मिली है और आलोचना भी, खासकर उन लोगों से जो मानते हैं कि वो स्क्रीन पर बहुत ज्यादा दिखने लगे हैं। लेकिन अक्षय को इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। हाल ही में पिंकविला को दिए एक इंटरव्यू में उन्होंने हमेशा की तरह साफ-साफ जवाब दिया। उन्होंने कहा, ÷मुझे अच्छा लगता है। मुझे अलग-अलग किरदार निभाने में मजा आता है, और क्यों नहीं? कुछ लोग कहते हैं कि मैं साल में चार फिल्में क्यों करता हूं, लेकिन मैं नहीं समझता कि ऐसा क्यों न करूं। जब काम मिल रहा है, तो कर रहा हूं। कुछ फिल्में चलती हैं, कुछ नहीं। जैसे हर इंसान को रोज दफ्तर जाना पड़ता है, वैसे ही मुझे भी काम करना है। मैं घर पर बैठकर ये नहीं कह सकता कि 'अब मैं थोड़ा रुक जाता हूं।' मुझे काम करना है।

## आमिर ने ठुकराई 120 करोड़ की ओटीटी डील, सितारे जमीन पर की शो टाइमिंग-टिकट रेट्स किए फिक्स

**बीच इसका खूब क्रेज है। जबकि ये कोई भारी-भरकम एक्शन फिल्म नहीं बल्कि इमोशनल ड्रामा है। तारे जमीन पर की स्पीरिचुअल सीक्वल मानी जा रही सितारे जमीन पर की रिलीज नजदीक आते ही, आमिर खान ने इसके थिएटर और ओटीटी रिलीज को लेकर कुछ बड़े फैसले लिए हैं। उन्होंने फर्स्ट डे फर्स्ट शो के टाइमिंग से लेकर ओटीटी पर रिलीज में देरी तक के कई अहम निर्णय लिए हैं।**



रिपोर्ट्स कहती हैं कि, आमिर खान ने अमेजन प्राइम वीडियो से मिले 120 करोड़ के डिजिटल राइट्स ऑफर को ठुकरा दिया। कई लोग मान सकते हैं कि ये सिर्फ एक तरीका था दूसरे ओटीटी प्लेटफॉर्म्स से और बेहतर डील पाने का, लेकिन ट्रेड एनालिस्ट कोमल नाहटा ने फिल्म इंफॉरमेशन में साफ किया कि आमिर ने ये फैसला इसलिए लिया ताकि वो इस सिस्टम को बदलने की कोशिश कर सकें। हाल के इंटरव्यूज में आमिर इस बात को कई बार कह चुके हैं कि थिएटर और ओटीटी रिलीज के बीच का 8 हफ्तों का गैप एक गलत बिजनेस मॉडल है।

इस फैसले के साथ आमिर ने एक बार फिर साबित किया है कि वो सिर्फ बातें नहीं करते, बल्कि खुद आगे बढ़कर उदाहरण पेश करते हैं। अगर उनकी ये रणनीति सफल होती है और ओटीटी पर रिलीज न होने से फिल्म की बॉक्स ऑफिस कमाई बढ़ती है, तो ये पूरे फिल्म इंडस्ट्री के लिए एक बड़ी सीख हो सकती है। लेकिन अगर ये दांव उल्टा पड़ा, तो सितारे जमीन पर को ?120 करोड़ की आसान कमाई का नुकसान हो सकता है।

### आमिर ने रखी शर्तें

इसी के साथ, फिल्म की रिलीज से पहले आमिर खान ने सिनेमाघरों को शो टाइमिंग्स को लेकर कुछ खास निर्देश भी दिए हैं। बॉलीवुड हंगामा की रिपोर्ट को मानें तो।।।

-सुबह 9 बजे से पहले कोई शो शुरू नहीं किया जाएगा।

-टिकट के दाम 'वीकेंड प्राइसिंग' के मुताबिक ही रखे जाएं, यानी टिकट रेट बहुत ज्यादा न बढ़ाए जाएं, जैसा कि ब्लॉकबस्टर फिल्मों के साथ होता है।

- सिंगल स्क्रीन थिएटरों को दिनभर सिर्फ सितारे जमीन पर ही दिखाने के लिए कहा गया है, यानी कोई दूसरी फिल्म साथ में नहीं चलाई जाएगी।

-2 स्क्रीन वाले थिएटरों में दिन के 8 शो दिखाने का निर्देश दिया गया है।

-मल्टीप्लेक्स में स्क्रीन की संख्या के अनुसार शो की गिनती तय की गई है।

3 स्क्रीन- 11 शो



**मेट्रो बाजार**

## एटीएम से कैश निकासी बढ़ी, लेकिन देशभर में 5,000 एटीएम हुए बंद!

नई दिल्ली। देश में भले ही डिजिटल ट्रांजेक्शन का चलन तेजी से बढ़ा है लेकिन नकद लेनदेन की जरूरत अभी भी बनी हुई है। खासकर एटीएम से कैश निकासी में बीते पांच सालों में 6त्न की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। इसके बावजूद हैरानी की बात यह है कि देशभर में बैंकों ने हजारों एटीएम बंद कर दिए हैं।

ब्रांच बढ़ी लेकिन एटीएम घटे

भारतीय रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2021-22 में जहां देश में बैंक शाखाओं की संख्या 1,30,176 थी, वहीं 2024-25 में यह संख्या 9.3त्न बढ़कर 1,42,359 हो गई है। इसी दौरान एटीएम से कुल नकद निकासी बढ़कर लगभग 30.6 लाख करोड़ तक पहुंच गई, जो 2020-21 में 28.89 लाख करोड़ थी लेकिन इसी अवधि में एटीएम की संख्या में भारी गिरावट आई है।



2022-23 से 2024-25 के बीच करीब 5,000 एटीएम हटा दिए गए। सरकारी, निजी और विदेशी बैंकों के स्वामित्व वाले एटीएम 2020-21 में 2,11,332 थे, जो 2024-25 में घटकर 2,11,656 रह गए।

न केवल एटीएम, बल्कि कैश जमा करने वाली मशीनें यानी कैश रिसाइक्लर्स की संख्या में भी कमी आई है। यह ऐसे समय में हो रहा है जब ग्रामीण और अर्ध-शहरी इलाकों में एटीएम की जरूरत अभी भी बनी हुई है। बैंकों द्वारा एटीएम की संख्या घटाने के पीछे मुख्य वजह इसका महंगा रखरखाव है। इंडस्ट्री विशेषज्ञों के अनुसार, एटीएम संचालन में

## चालू वित्त वर्ष में भारत की वास्तविक जीडीपी वृद्धि 6.5% से अधिक होगी

**कोलकाता।** अग्रणी रेटिंग एजेंसी इक्रा ने अनुमान जताया है कि चालू वित्त वर्ष (2025-26) के लिए भारत की वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत से अधिक रहेगी। एजेंसी ने अपने ताजा परिदृश्य में कहा कि इसी अवधि के दौरान देश की वास्तविक सकल मूल्य वर्धित (जीवीए) वृद्धि 6.3 प्रतिशत से अधिक होगी। जहां जीडीपी देश के भीतर उत्पादित वस्तुओं और सेवाओं के कुल मूल्य को निर्धारित करता है, वहीं जीवीए उत्पादित वस्तुओं और सेवाओं के कुल मूल्य में से मध्यवर्ती वस्तुओं और सेवाओं की लागत को घटाने पर प्राप्त होता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि मुद्रास्फीति के संबंध में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित महंगाई दर के 4.2 प्रतिशत से अधिक रहने का अनुमान है, जबकि थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) चालू वित्त वर्ष के लिए 2.7 प्रतिशत से अधिक रहेगा।




इक्रा ने राजकोषीय घाटा जीडीपी का 4.4 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। इक्रा के अनुसार, रबी के नकदी प्रवाह और सामान्य से अधिक जलाशय स्तर की सहायता से ग्रामीण मांग में तेजी बनी रहने की संभावना है। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि 2025-26 के लिए केंद्रीय बजट में आयकर में बड़ी राहत, दरों में कटौती से ईएमआई (मासिक किस्त) में कमी और खाद्य मुद्रास्फीति में नरमी से घरेलू खर्च योग्य आय में वृद्धि होने की उम्मीद है।

## कीटनाशक पीकर मछुआरे ने दी जान



**भोपाल।** बैरागढ़ थाना क्षेत्र स्थित बेहटा गांव में मछुआरे ने कीटनाशक पी लिया। परिजन उसे भैंसाखेड़ी स्थित निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, वहां इलाज के दौरान बुधवार शाम उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया है। पुलिस के अनुसार कैलाश माझी पिता बृजलाल (34) बेहटा गांव में रहता था। वह मछली पकड़ने का काम करता था। गत 15 जून को उसने कीटनाशक पी लिया। उल्टियां करने पर परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे थे, वहां इलाज के दौरान बुधवार शाम करीब साढ़े 4 बजे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि मरने से पहले उसके बयान नहीं हो सके थे। परिजन ने बताया कि वह शराब पीने का आदी था।

## आर्य समाज संस्था में विवाद पुलिस थाने में शिकायत




**भोपाल ।** आर्य समाज संस्था में विवाद अब नए सिरे से थाने की दहलीज पर पहुंचा है। इसके पहले इस संस्था का मामला फर्म्स एवं सोसाइटी व कोर्ट तक भी जा चुका है। बताया जाता है कि संस्था के सदस्य संदीप सोनी ने हबीबगंज थाने में लिखित शिकायत सौंपकर कहा है कि वे आर्य समाज संस्था महावीर नगर के सदस्य व सभासद हैं लेकिन गत सोलह जून को हुई बैठक में उन्हें भाग लेने से रोका गया। सोनी ने कहा कि जब वे बैठक में पहुंचे तो श्रीमती राकेश शर्मा द्वारा उन्हें अपमानित करके बाहर निकल जाने को कहा गया। उनके पति महेश शर्मा ने भी कहा कि यदि तुम बैठक में अंदर आए तो सलामत जाने नहीं देंगे। सोनी ने पुलिस को शिकायत में कहा है कि उन्हें अपनी जान का खतरा है। दरअसल यह विवाद कुछ समय से चल रहा है। सोनी का कहना है कि उन्हें जब सहायक पंजीयक फर्म्स व संस्था की शरण ली थी तब भी आदेश में कहा गया था कि उनकी सदस्यता मध्य भारतीय आर्य प्रतिनिधि सभा द्वारा समाप्त की गई है जबकि वह आर्य समाज महावीर नगर के सदस्य हैं। इसलिये कार्रवाई का अधिकार उसी संस्था को है जिसमें सदस्यता हो। अन्य संस्था किसी की सदस्यता समाप्त नहीं कर सकती। सोनी के मुताबिक इस मामले में सहायक पंजीयक फर्म्स व संस्था ने मध्य भारतीय आर्य सभा के आदेश को निरस्त किया था।

## बर्रई बौद्ध विहार में तोड़फोड़

**भोपाल।** कटारा हिल्स थाना क्षेत्र स्थित बर्रई बौद्ध विहार में बीती रात असामाजिक तत्वों ने तोड़फोड़ करते हुए बाबा साहब अंबेडकर की प्रतिमा को नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया। घटना की जानकारी आज सुबह धर्मावलंबियों को लगी और वह बौद्ध विहार पहुंचे। यहां से एकत्रित होकर लोग थाने पहुंचे और असामाजिक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई करने का शिकायती आवेदन सौंपा। इस दौरान समिति अध्यक्ष सीताराम अहिरवार कमलेश अहिरवार, रूप सिंह, एवं राहुल ,सुरेंद्र अहिरवार नितिम डोंगरे सुरेश प्रसाद आदि मौजूद रहे।



### पेट्रोल छिड़कर कमरे में लगाई आग, बेड पर चढ़कर शोर मचाती रही महिला और बच्चियां

# पहले गोली मारने की धमकी, फिर घर में आग लगाकर भागे बदमाश

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

बैरागढ़ स्थित वन ट्री हिल्स में बदमाश नूर खां उर्फ चूहा ने अपने भाई के साथ मिलकर महिला के घर में आग लगा दी। घटना मंगलवार शाम करीब साढ़े सात बजे की है। आरोपी भाई के साथ पेट्रोल की दो बोतल लेकर पहुंचा था।

उसने घर पेट्रोल छिड़ककरआग लगा दी। एक ही कमरा होने और आग मुख्य गेट के पास भी लगने से महिला परिवार के साथ कमरे में फंसी रही। उनके साथ चार साल का मासूम भी था। गनीमत रही पड़ोस के लोगों ने पानी डालकर आग पर काबू किया, नहीं तो बड़ी घटना हो सकती थी।

पुलिस के अनुसार वनट्री हिल्स बैरागढ़ निवासी ऊषा जाटव पति रामकुमार (60) बंगले पर काम करने जाती हैं। घर में पति और बेटी आरती जाटव रहते हैं। 16 जून को उनकी बेटी भारती जांगड़ी अपने 4 साल के बेटे के साथ ससुराल से घर आई थी। 17 जून की शाम करीब साढ़े 7 बजे गर्मी होने के कारण ऊषा अपनी बेटियों के साथ बाहर बैठी थी।



इसी बीच सामने रहने वाला नूर खां उर्फ चूहा पहुंचा और गाली गलौज करते हुए कहने लगा कि आज तो इसको गोली मार दूंगा। यह कहने के बाद वह चला गया। ऊषा जाटव ने नूर खां उर्फ चूहा की मां को बताया कि तेरा बेटा गोली मारने की धमकी देकर गया है। इस पर नूर खां की मां ने कहा कि वह बदमाश है आप अपने कमरे में अंदर चले जाओ।

**तीस मिनट बाद पहुंचा बदमाश** – रात करीब साढ़े 8 बजे के आसपास नूर खां उर्फ चूहा अपने हाथ में बिसलरी की दो बोतलों में भरकर पेट्रोल लेकर पहुंचा।

उसके साथ उसका भाई मकसूद उर्फ तूत्तल भी था। दोनों भाई गाली-गलौज करने लगे। ऊषा जाटव और उनकी बेटियों ने विरोध किया तो नूर खां ने बोतल में भरा पेट्रोल उनके दरवाजे के पर्दे और दीवार पर फेंका और माचिस की तीला जलाकर आग लगा दी। आग तेजी से भभकी और पर्दा, मेनगेट, बाथरूम का गेट व कूलर चपेट में आ गए।

आग से नूर खां का हाथ भी झुलस गया। महिलाओं में चीख-पुकार मच गई लेकिन आग की लपटों की वजह से वे बाहर नहीं आ सकीं। दोनो भाई जाते समय बोल रहे थे कि अगर थाने मे रिपोर्ट की तो जान से खत्म कर देंगे। बाद में पड़ोसियों की मदद से फरियादिया और उनकी बेटियों ने पानी डालकर आग बुझाई।

**पड़ोसियों ने बुझाई आग** – आगजनी के समय घर में ऊषा जाटव और उनकी दो बेटियां और मासूम सहित पड़ोसी प्रिया अहिरवार थी। पेट्रोल की वजह से आग बहुत तेजी से घर के भीतर फैलती जा रही थी। आग फैलती देख चारों महिलाएं मदद के लिए चीख-पुकार मचाने लगीं। इसी बीच पड़ोसी मौके पहुंचे और पानी डालकर आग को काबू किया। पुलिस ने बताया कि आरोपी मकसूद उर्फ तुत्तल इलाके का निगरानी बदमाश है। घटना की जानकारी मिलते ही बजरंग दल के कार्यकर्ता थाने पहुंच गए। वे हंगामा शुरू करते इससे पहले ही पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली।

### जेल से बाहर आते ही नाबालिग से की अड़ीबाजी

**भोपाल।** गौतम नगर थाना क्षेत्र स्थित कृष्णा कॉलोनी में मंगलवार रात बदमाशों ने एक नाबालिग के साथ पैसों के लिए अड़ीबाजी की और जब उसने रुपए देने से मना किया तो बदमाशों ने मारपीट कर दी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार कृष्णा कालोनी में रहने वाला 17 वर्षीय किशोरी सीसीटीवी कैमरे लगाने का काम करता है। मंगलवार रात करीब सवा 10 बजे वह अपने दोस्त को उसके घर छोड़कर बाइक से वापस लौट रहा था। कालोनी के पास ही उसे शाहिल बच्चा, बिलाल बच्चा और बउआ मिल गए। बिलाल और शाहिल ने नाबालिग से कहने लगे कि हम लोग अभी जेल से छूटकर बाहर आएं हैं, इसलिए खर्चे के लिए रुपए चाहिए। नाबालिग ने जब रुपए देने से मना किया तो तीनों ने उसके साथ मारपीट कर दी। इस दौरान किसी नुकीली चीज से सिर पर वार किया, जिससे खून निकलने लगा। नाबालिग के चीखने पर आसपास के लोगों ने बीच-बचाव किया तो आरोपी धमकी देते हुए वहां से भाग निकले।

## जुगाड़ लगाकर अब भी थानों में डटे पुलिसकर्मी, आदेश के बाद भी नहीं हटे

**अधिकारियों की दलील स्टाफ की कमी के कारण लग रहा है समय**

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

वर्षों से एक ही थाने में जमे पुलिसकर्मियों का तबादला करने विशेष पुलिस महानिदेशक (प्रशासन) आदर्श कटियार के आदेश के बाद भी हट नहीं सके। सर्वाधिक पुलिसकर्मी क्राइम ब्रांच के हैं। पुलिस मुख्यालय के आदेश के बाद इन्हें अब दूसरे थानों में पोस्टिंग के आदेश जारी किए गए हैं। आदेश के बाद भी रवानगी नहीं हो सकी है। सवाल इस बात का है कि रवानगी नहीं हुई तो क्या यह जुगाड़ में लगे हैं कि तबादला रुक जाए। इनमें अधिकतर ऐसे पुलिसकर्मी हैं जो वसूली, अपराधियों से मिलीभगत के लिए बदनाम है। इनके हटने से उम्मीद की लहर जागी थी कि क्राइम बांच की कार्रवाई में निष्पक्षता आएगी।

अब भी 10 से अधिक ऐसे पुलिसकर्मी क्राइम ब्रांच में जमे हुए हैं, जिनका स्थानांतरण नहीं हुआ है। अधिकारियों की दलील है कि पुराने कर्मचारियों के कारण स्टाफ में मतभेद की स्थित बनी रहती है। थानों में आरक्षक से लेकर प्रधान आरक्षक तक कई साल से जमे होने



के कारण पुलिसिंग भी प्रभावित हो रही है। उल्लेखनीय है कि पीएचक्यू की प्रशासन शाखा के स्पेशल डीजी आदर्श कटियार ने वर्षों से एक ही थानों में जमे पुलिसकर्मियों को चिन्हित कर 16 जून तक दूसरी जगह पदस्थ करने का निर्देश दिया था। इसके पालन में सोमवार को पुलिस कमिश्नरेट ने ऐसे 699 पुलिसकर्मियों के स्थांतरण आदेश जारी किया था। भोपाल पुलिस कमिश्नरेट में 34 थाने हैं, वर्तमान में करीब 5300 पुलिस बल की तैनाती है, 300 के करीब पुलिस बल की कमी है।

**वापसी की जुगाड़ में जुटे पुलिसकर्मी** – तबादल सूची में शामिल अधिकतर पुलिसकर्मियों के पुलिस उच्चाधिकारी और नेताओं से अच्छे संबंध हैं। इनका तबादला पहले भी कई बार हुआ, लेकिन आमद नहीं दी गई। कुछ ने आमद भी दी लेकिन बाद में इधर-उधर से जुगाड़ बैठाकर फिर वहीं लौट आए। थानों में कई अच्छे, ईमानदार और पुलिस विभाग के लिए समर्पित पुलिसकर्मी भी हैं। उनका अपराधियों में पूरा खौफ भी है। पुलिस के बड़े खुलासों में भी उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रहती है, लेकिन थानों में अपराधियों से साजबाज होकर काम कर रहे पुलिसकर्मियों के कारण नैतिकता से काम करने वाले पुलिसकर्मियों को अपराधों की जांच से साजिश के तहत दूर कर दिया जाता है। अधिकतर अधिकारी भी दागी पुलिसकर्मियों को पसंद करते हैं। इसकी वजह किसी से छिपी नहीं है।

**डीजीपी करेंगे पुलिस कमिश्नरेट की समीक्षा** – डीजीपी कैलाश मकवाणा भोपाल पुलिस कमिश्नरेट की जल्द ही समीक्षा कर सकते हैं। इसको लेकर पुलिस कमिश्नरेट के अधिकारियों की बैठक भी हो चुकी है। बैठक में पुलिस कमिश्नर हरिनारायणचारी मिश्र, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त पंकज श्रीवास्तव, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अवधेश गोस्वामी समेत जोन के डीसीपी शामिल रहे। अधिकारियों ने क्राइम के आंकड़ों और निराकरण को लेकर चर्चा की है।

## ट्रैवल्स कंपनी का संचालक लग्जरी कार लेकर हुआ फरार



फाइल फोटो

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

बैरागढ में जस्ट कार नाम से ट्रेवल्स एजेंसी का संचालन करने वाला जालसाज कार लेकर फरार हो गया। कोहेफिजा पुलिस ने अमानत में खयानत की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर ट्रैवल्स संचालक की तलाश शुरू कर दी है। जांच में पता चला कि आरोपी करीब एक दर्जन लग्जरी कार लेकर फरार हुआ है। उसके खिलाफ गांधी नगर थाने में भी प्रकरण दर्ज हो चुका है और इंदौर पुलिस को भी उसकी तलाश है। पुलिस के अनुसार अहमदाबाद पैलेस रोड कोहेफिजा निवासी अफजल खान (39) की विदिशा में खेती-बाड़ी है। उन्होंने 26 दिसंबर 2024 को अपनी आई-10 कार अनुबंध पत्र बनवाकर बैरागढ़ स्थित जस्ट कार ट्रेवल्स एजेंसी के संचालक पीयूष तेजवानी को दी थी। तय हुआ था कि प्रतिमाह 18 हजार रुपए किराया दिया जाएगा। एसआई संजीव धाकड़ ने बताया कि 10 जनवरी को पीयूष तेजवानी ने अफजल को पांच हजार रुपए किराए के दिए थे। उसने कहा था कि महीना खत्म होते ही वह शेष 15 हजार रुपए और दे देगा। लेकिन उसके बाद से पीयूष कभी मिला नहीं। उसका मोबाइल भी स्विच ऑफ आ रहा है।

### शातिर वाहन चोर चढ़े पुलिस के हत्थे

**भोपाल।** शाहजहांनाबाद पुलिस ने दो शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से चोरी की स्कूटर बरामद की गई है। जानकारी के अनुसार शारदा नगर नारियलखेड़ा निवासी आमिर खान की स्कूटर दो दिन पहले चोरी हो गई थी। आमिर ने इसकी रिपोर्ट शाहजहांनाबाद में दर्ज कराई थी। आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस टीम ने संदेह के आधार पर मोहम्मद फरजान (20) निवासी संजय नगर और अब्दुल रेहान उर्फ शमी (19) निवासी रामनगर कालोनी शाहजहांनाबाद को चोरी की स्कूटर के साथ गिरफ्तार किया है।

**मेट्रो एंकर** विसबल दक्षिणी जोन क्रीड़ा प्रतियोगिता

## जोश के साथ स्पर्धा में खेलते नजर आए पुलिसकर्मी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

विसबल दक्षिणी जोन क्रीड़ा प्रतियोगिता-2025 का आयोजन 16 जून से आज 19 जून तक 7वीं वाहिनी विसबल भोपाल के तत्वाधान में किया जा रहा है। बुधवार को जिम्नेजियम हॉल, लाल परेड ग्राउंड, टीटी नगर स्टेडियम, प्रकाश तरूण पुस्कर, भदभदा रोड, छोटा तालाब, जलक्रीडा केंद्र, एवं पुलिस लाईन नेहरू नगर भोपाल में फुटबॉल, वॉलीबाल, बॉस्केटबॉल, हेंडबॉल, खो-खो, वेट लिफ्टिंग (पुरूष/महिला), पॉवर लिफ्टिंग (पुरूष/महिला) आर्म रेसलिंग (पुरूष/महिला),बैडमिंटन (पुरूष-महिला) जिम्नास्टिक(पुरूष/महिला) बॉक्सिंग (पुरूष-महिला) तीरंदाजी (पुरूष-महिला) तलवारबाजी (पुरूष-महिला) तैराकी (पुरूष-महिला)



सायक्लिंग (पुरूष-महिला) वाटर स्पोर्ट्स (क्याकिंग/केनोइंग/रोईंग) (पुरूष/महिला), एथलेटिक्स, क्रिकेट खेल प्रतियोगिताएं कराई गई। प्रतियोगिता के सभी इवेंटस के संघर्षपूर्ण मुकाबलों में विजेता उपविजेता निर्धारित हुए। प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि चंचल शेखर, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (विसबल) योगेश चौधरी, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (प्रबंध) राकेश गुप्ता, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, संचालक खेल एवं युवा कल्याण विभाग, इरशाद वली, पुलिस महानिरीक्षक (विसबल) मुख्यालय, युसूफ कुरैशी, उप पुलिस महानिरीक्षक (विसबल) मध्य क्षेत्र एवं हितेश चौधरी, सेनानी, 7वीं वाहिनी विसबल भोपाल द्वारा पदक से अलंकृत किया गया। लाल परेड, भोपाल में आर्म्स रेसलिंग फायनल महिला वर्ग 80 किग्रा में महिला आरक्षक सुमन सिंह, 23वीं बटा भोपाल द्वारा स्वर्ण पदक प्राप्त किया। पुरूष वर्ग में 65 किग्रा, 70 किग्रा, 75 किग्रा, 80 किग्रा, 90 किग्रा एवं 100 किग्रा में आरक्षक इमरान अली, 36वीं बटा बलाघाट, आरक्षक उमेश कुमार, 10वीं बटा सागर, आरक्षक 32 यश चौरसिया, 36 वीं बटा बलाघाट, आरक्षक अमित मौर्य, 36वीं बटालियन बलाघाट, प्रधान आरक्षक 87 विनोद कुमार, 7वीं बटा भोपाल एवं सउनि पवन सिंह परिहार 23वीं बटा भोपाल, बैडमिंटन में प्रधान आरक्षक विकास थापा 6वीं बटा जबलपुर, खो-खो में 23वीं बटालियन भोपाल द्वारा स्वर्ण पदक प्राप्त किया।

## भाजपा नेता के माली के घर बदमाशों ने किया पथराव

**आरोप थाने में शिकायत लेकर पहुंचे तो बिना शिकायत किए कर दिया चलता**

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

कोलार स्थित क्षेत्र में भाजपा नेता विजेश लूनावत के घर काम करने वाले माली के निवास पर बदमाशों ने पथराव कर दिया। पथराव और मारपीट की शिकायत लेकर माली कोलार थाने पहुंचा तो पुलिस ने एफआईआर करने की बजाय उसे समझाइश देकर चलता कर दिया। माली का आरोप है कि बदमाशों के हौसले इतने बुलंद है कि वह थाने से लौटा तो उस पर दौबारा हमला किया गया है। इस हमले में परिवार के पांच लोगों को गंभीर चोट आई, लेकिन बदमाश तब भी नहीं रूके, उन्होंने हमला जारी रखा और वाहनों को भी फूंक दिया। पुलिस की मदद नहीं मिलने के कारण परिवार को रिश्तेदारों के घर पनाह लेनी



फाइल फोटो

पड़ी। हालांकि दूसरी बार हुए हमले में पुलिस ने आरोपियों पर एफआईआर दर्ज कर ली। जमानत की धाराओं में एफआईआर होने के कारण उन्हें नोटिस देकर छोड़ दिया गया है।

जानकारी के अनुसार कोलार दामखेड़ा निवासी मनोहर रजक, पूर्व भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष रहे स्व. विजेश लूनावत के वैशाली नगर स्थित घर में माली हैं। उनके पड़ोसियों और उनके बच्चों ने घर पर पथराव कर दिया। घटना की शिकायत लेकर वह थाने पहुंचे। पुलिस ने एफआईआर करने की बजाय मोहल्ले में जाकर समझाइश दी। रात में उनके परिवार के अन्य लोग आ गए तो सभी ने मिलकर घर पर हमला बोल दिया। इनमें पड़ोसी पिंटू उर्फ नरेश उइके, उसकी पत्नी दुर्गा उइके एवं उनके अन्य साथी रवि, रामदयाल और रीना ने भी जमकर पत्थराव किया। आरोपी अपने साथ डंडे लेकर आए थे और उन्होंने डंडे से मारपीट करते हुए घर के बाहर खड़े वाहनों में आग लगा दी। अपनी जान बचाकर हम भागे और थाने में शिकायत की। जिस पर पुलिस ने कहा कि आपका घर जाना सुरक्षित नहीं है, किसी रिश्तेदार के घर चले जाइए। पुलिस ने भी सुरक्षा नहीं दी तो मजबूरन हम बैरागढ़ चीचली में रिश्तेदार के घर रह रहे हैं।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022